वर्ष : 34 » अंक :13 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संपादक : अरुण लाल

महंगाई से नहीं राहत

पेज - 8

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

कार्तिक आर्यन को मिला अवॉर्ड



पेज - 7

न्यूज़ ब्रीफ

पवई में लगी भीषण आग, 60 लोगों की बची जान



मुंबई। पवई इलाके में गुरुवार सुबह 24 मंजिला साईं सफायर बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। इस घटना में दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए 60 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग पर काबू पाने में करीब तीन घंटे का समय लगा। गोपाल शर्मा इंटरनेशनल स्कूल के पास स्थित इस इमारत की 17वीं मंजिल पर सुबह करीब 9:34 बजे आग लगी। देखते ही देखते आग फैल गई और काले धुएं का गुबार दूर से नजर आने लगा। आग लगते ही इमारत में रहने वालों में दहशत फैल गई और लोग परिवार सहित सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, स्थानीय पुलिस, मनपा और बिजली विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। बीएमसी के अनुसार, आग 9वीं मंजिल से 21वीं मंजिल तक बिजली की तारों तक सीमित रही। दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से 60 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

48 नेता हनीट्रैप में फंसे, गृहमंत्री ने जांच के आदेश दिए

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने दावा किया कि उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई है। राजन्ना ने यह भी कहा कि 48 राजनेताओं की सीडी और पेन ड्राइव बनाई गई हैं। इसके बाद उन्होंने गृह मंत्री से मामले की जांच करवाने की मांग की। जिसे मानते हुए गृहमंत्री ने मामले की हाई लेवल जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल, बजट सत्र के दौरान विजयपुरा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कहा कि राज्य में सहकारिता मंत्री को हनीट्रैप में फंसाने का प्रयास किया गया है। पाटिल बोले- यह बहुत बुरा कल्चर बन गया है कि जनप्रतिनिधियों को ब्लैकमेल किया जा रहा है।

मतदाता सूची अपडेट कर प्रक्रिया को करेंगे मजबूत : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। मतदाता सूची फर्जी वोटर होने के आरोपों का सामना कर रहे निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर मतदाता सूची की नियमित अद्यतन (अपडेट) प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही, आयोग ने कहा है कि उसने चुनाव की शुचिता को बनाए रखने के लिए लगभग 1 करोड़ चुनाव अधिकारियों व कर्मचारियों की निरंतर क्षमता वृद्धि के लिए डिजिटल प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है।

दिशा सालियान मौत मामले में सियासी रार

पिता की हाईकोर्ट में याचिका, आदित्य ठाकरे पर एफआईआर के साथ सीबीआई जांच की मांग

- पिता की याचिका में पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे का नाम
- भाजपा नेता राणे ने कहा, सच्चाई सामने आएगी
- ठाकरे बोले, अदालत में आरोपों का देंगे जवाब

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में दिशा सालियान की मौत मामले पर एक बार फिर सियासत गरमा गई है। पांच साल बाद सालियान की मौत को लेकर पिता सतीश सालियान ने सीबीआई जांच की मांग की है। इस मामले में शिवसेना (उबाठा) के नेता आदित्य ठाकरे का नाम सामने आया है, जिसको लेकर गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के विधायकों ने जमकर हंगामा किया।

एसआईटी जांच जारी

वहीं महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम के कहा कि एसआईटी जांच अभी भी जारी है, और सालियन के पिता ने राज्य सरकार को अपनी याचिका में पक्षकार बनाया है। इस दौरान, राकांपा (एसपी) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने सवाल उठाया कि दिशा सालियान के पिता पांच साल तक चुप क्यों रहे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है।

संजय राउत ने दावों को खारिज किया

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दिशा सालियान के पिता द्वारा लगाए गए दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, पुलिस जांच में यह एक दुर्घटना थी, हत्या नहीं। राउत ने तर्क दिया कि मौत के इर्द-गिर्द मीडिया की पूरी कहानी को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। यह हत्या का मामला नहीं है। उन्होंने राजनीतिक विरोधियों पर इस त्रासदी का अपने एजेंडे के लिए फायदा उठाने का भी आरोप लगाया। औरंगजेब के मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ने के लिए वे दिशा सालियान मामले को हवा दे रहे हैं।

असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश : ठाकरे

इस मामले पर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ने कहा कि जून, 2020 में दिशा सालियान की आकस्मिक मौत के मामले में उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है और वह अदालत के सामने अपना पक्ष रखेंगे। हम अदालत में अपना जवाब देंगे। वहीं भाजपा नेता एवं मंत्री नितेश राणे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के पिछले फैसलों के अनुसार अगर किसी व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप है तो उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने ठाकरे से विधायक पद से इस्तीफा देने की भी मांग की। राणे ने कहा, हमने विधानसभा में इसकी मांग की है। राणे ने पिछली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार पर दिशा सालियान की मौत के बारे में तथ्यों को छिपाने और मामले को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने विश्वास जताया कि सच्चाई अदालत में सामने आएगी।

याचिका में लगाए आरोप

दरअसल, अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर रही दिशा सालियान के पिता सतीश ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख कर उन रहस्यमय परिस्थितियों की नए सिरे से जांच की मांग की है, जिनमें जून 2020 में उनकी बेटी मृत पाई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया है कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई तथा बाद में कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाने के लिए राजनीतिक रूप से साजिश रची गई।

सालियान के पिता ने जो किया, वह सही है : के के सिंह

दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के पिता केके सिंह ने गुरुवार को दिशा सालियान के पिता द्वारा दायर जनहित याचिका का समर्थन किया। सिंह ने कहा, उन्हें नहीं पता कि सालियन के पिता ने अदालत का रुख क्यों किया। लेकिन जो किया वह सही है और अगर इसके माध्यम से हम इस निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं कि यह आत्महत्या थी या हत्या।

महाराष्ट्र के स्कूलों में लागू होगा सीबीएसई पाठ्यक्रम

शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधान परिषद में दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार राज्य के स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी कर रही है। स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधान परिषद में एक लिखित उत्तर में बताया कि संचालन समिति ने सीबीएसई पाठ्यक्रम के प्रारूप को मान्यता दे दी है और इस पर विचार-विमर्श जारी है।

अगले शैक्षणिक वर्ष से बदलाव की संभावना

भाजपा विधायक प्रसाद लाड ने सरकार से सवाल किया था कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत नया सत्र शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इसके जवाब में मंत्री भुसे ने कहा कि सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने को लेकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।सरकार फिलहाल इस बदलाव के प्रभाव और उसकी व्यवहार्यता पर चर्चा कर रही है।

बालू माफियाओं की खैर नहीं

- अवैध बालू खनन पर सख्ती, माफियाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई
- राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा में दिया सख्त आदेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई और आसपास के समुद्री तटों से अवैध रूप से बालू (रेत) निकालने वाले माफिया अब सावधान हो जाएं। महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में किसी भी समुद्री तट से अवैध रूप से रेत निकालने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

विधानसभा में उठा अवैध खनन का मुद्दा

कांग्रेस विधायक असलम शेख ने विधानसभा के प्रश्नकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोलाबा से लेकर मालाड और मार्वे तक के समुद्री तटों की हालत खराब हो चुकी है। रेत निकाले जाने की वजह से इन तटों पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है।

समुद्री तटों को पुनः स्वच्छ बनाने की मांग

असलम शेख ने मांग की कि जिन समुद्री तटों से बालू निकाली जा चुकी है, वहां सरकार को रेत भरने (रिफिलिंग) के लिए निविदा जारी करनी चाहिए, ताकि तटों को पहले जैसा स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके। इस पर मंत्री बावनकुले ने आश्वासन दिया कि अगर बालू माफियाओं पर लगाम कसने के लिए नियमों में बदलाव करने की जरूरत पड़ी, तो सरकार ऐसा करने से पीछे नहीं हटेगी।

15 दिनों में जब्त होंगे बालू खनन के पंप

बावनकुले ने कोकण के विभागीय आयुक्त को आदेश दिया है कि अगले 15 दिनों के भीतर समुद्री तटों से अवैध रूप से बालू निकालने के लिए इस्तेमाल हो रहे पंपों को जब्त किया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्थानीय तहसीलदार इस आदेश का पालन नहीं करते, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

राज्य के केवल 50% स्कूलों में ही सीसीटीवी कैमरे

सरकार ने किया खुलासा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जारी सख्ती के बावजूद अब तक राज्य के केवल 50% स्कूलों में ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह जानकारी स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधान परिषद में दी। उन्होंने बताया कि सरकार विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की योजनाओं का अध्ययन करेगी।

बदलापुर की घटना के बाद आया था आदेश

बदलापुर में 21 अगस्त 2024 को हुई घटना के बाद सरकार ने आदेश जारी किया था कि एक महीने के भीतर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने वाले निजी स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। लेकिन मंत्री भुसे ने स्वीकार किया कि अब तक सिर्फ 50% स्कूलों में ही कैमरे लगाए जा सके हैं।

निजी स्कूलों को खुद उठाने होंगे खर्च

विधान परिषद में भाजपा सदस्य अमित गोरखे, निर्दलीय सदस्य किरण सरनाईक और भाजपा के निरंजन डावखरे ने सरकार से निजी स्कूलों के लिए सीसीटीवी लगाने हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। इसके जवाब में भुसे ने कहा कि सरकारी स्कूलों में डीपीडीसी फंड से 5% निधि दी जाती है, लेकिन निजी स्कूलों को अपने खर्चे पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा।

'छावा' पायरेसी केस

मुंबई क्राइम ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

इंटरनेट पर बांटे गए विक्की कौशल की फिल्म के 1818 लिंक्स

मुंबई। मुंबई क्राइम ब्रांच की साउथ साइबर सेल ने बॉलीवुड मूवी 'छावा' को लेकर एक एफआईआर दर्ज की है। विक्की कौशल की फिल्म की पायरेटेड कॉपी को अवैध रूप से इंटरनेट पर सर्कुलेट करने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 'अगस्त एंटरटेनमेंट' के सीईओ रजत राहुल हक्सर की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है, जिन्होंने कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाया था।

इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

साउथ साइबर सेल ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (2) और 308 (3), कॉपीराइट अधिनियम की धारा 51, 63 और 65 (ए), सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 43 और 66 के तहत मामला दर्ज किया है।

नागपुर हिंसा

मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 पर देशद्रोह का केस

पुलिस का दावा: हिंसा में बांग्लादेश कनेक्शन

मुंबई/नागपुर। नागपुर में सांप्रदायिक झड़पों के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं।

सोशल मीडिया पर 140 से अधिक आपत्तिजनक सामग्री की पहचान

महाराष्ट्र साइबर विभाग ने नागपुर में हुई हिंसा के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सांप्रदायिक अशांति फैलाने के उद्देश्य से पोस्ट और वीडियो सहित 140 से अधिक आपत्तिजनक सामग्री की पहचान की है। इन पोस्टों और वीडियो को फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर अपलोड किया गया था।

3 दिन बाद कर्फ्यू हटाया गया

नागपुर पुलिस ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति स्थापित होने के बाद चरणबद्ध तरीके से कर्फ्यू में ढील देना शुरू किया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा, ₹हम स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं और निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागपुर हिंसा मामले में अब तक 91 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 80 वयस्क और 11 नाबालिग शामिल हैं। आयुक्त सिंघल ने बताया कि नंदनवन और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है, जबकि लकड़गंज, पंचपावली, शांति नगर, सक्करदरा और इमामवाड़ा क्षेत्रों में दो घंटे की छूट के साथ कर्फ्यू में ढील दी गई है। हालांकि, कोतवाली, तहसील और गणेश पेठ पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में कर्फ्यू पूरी तरह लागू रहेगा।

गौहत्या पर मकोका के तहत होगी कार्रवाई

बार-बार पकड़े जाने वालों पर लगेगा मकोका: मुख्यमंत्री

मुंबई। महाराष्ट्र में गौ-तस्करी के बढ़ते मामलों को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अगर कोई आरोपी बार-बार गौ-तस्करी में पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान विधायक संग्राम जगताप ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अहिल्या नगर के श्रीगोंदा क्षेत्र में अतीक कुरैशी नामक व्यक्ति के नेतृत्व में एक संगठित गिरोह गौ-तस्करी में लिप्त है। कुरैशी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह जनवरी में गिरफ्तार भी हुआ था, लेकिन बार-बार तस्करी के मामलों में शामिल पाया जाता है।

महाराष्ट्र में पहले से लागू है गौ-हत्या पर पाबंदी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने जवाब देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पहले से ही गौ-हत्या पर प्रतिबंध है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व अवैध रूप से गौ-तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार गौ-तस्करी के मामलों में पकड़ा जाता है, तो उस पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। संग्राम जगताप ने सरकार से मांग की कि गौ-तस्करी करने वालों के खिलाफ और कड़े कानून बनाए जाएं। इस पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने भरोसा दिलाया कि गौ-तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर नियमों को और कठोर बनाया जाएगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

कल्याण-डोंबिवली मनपा ने पेश किया ₹3361.25 करोड़ का बजट

बुनियादी सुविधाओं पर जोर, कर दरों में कोई वृद्धि नहीं

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) की आयुक्त इंदुरानी जाखड़ ने बिना किसी कर वृद्धि के 3,361 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट को स्वीकृति मिल गई है, जिससे नागरिकों को राहत मिली है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन, पार्क और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए वित्तीय प्रावधान किया गया है।

राजस्व आय के प्रमुख स्रोत

संपत्ति कर – 600 करोड़
जल कर वसूली–101 करोड़
जीएसटी अनुदान व स्टांप शुल्क – 483.83 करोड़
राज्य और केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान – 787.83 करोड़

प्रमुख प्रावधान

- कचरा प्रबंधन के लिए 135.31 करोड़ का राजस्व व्यय और 47 करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित
- सड़क सफाई के लिए चार पॉवर स्वीपर वाहन खरीदे गए
- स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 53.40 करोड़ का प्रावधान
- महिला कल्याण योजनाओं के लिए 14.16 करोड़ का बजट
- दिव्यांग पुनर्वास के लिए 19.10 करोड़ की राशि आवंटित
- शहरी क्षेत्रों में उद्यानों और खेल मैदानों के रखरखाव के लिए तीन वर्षों के लिए 17 करोड़ निर्धारित

ई-गवर्नेंस और कचरा प्रबंधन पर जोर

मनपा प्रशासन ने शहर को सिटीजन-फ्रेंडली बनाने के लिए ई-गवर्नेंस पर विशेष ध्यान दिया है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए कचरा संग्रहण के लिए अत्याधुनिक वाहन और धूल शमन के लिए विशेष वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए नवीन तंत्र विकसित किया गया है।

परिवहन कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू

इस बार के बजट में परिवहन कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू किया गया है, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी।

महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को प्राथमिकता

आयुक्त इंदुरानी जाखड़ ने बताया कि इस बजट में महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। 24×7 कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो विभिन्न वार्डों के कार्यों की निगरानी करेगा और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा।

बजट की प्रमुख विशेषताएं

207 इलेक्ट्रिक बसों की योजना, 100 को मिली मंजूरी

शहर में परिवहन सेवा के विस्तार के लिए 207 इलेक्ट्रिक बसों की योजना बनाई गई है, जिनमें से 100 बसों को मंजूरी मिल गई है। शहाड़ में परिवहन विभाग की नई इमारत का निर्माण किया जाएगा, जिसमें कार्यालय, सभागार, ट्रेनिंग सेंटर और कमांड कंट्रोल सेंटर शामिल होंगे।

प्रसूतिगृह और मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल

महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कल्याण पूर्व में 30 बेड का प्रसूतिगृह स्थापित किया जाएगा। महानगरपालिका क्षेत्र में 20 हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे, जिनमें डोंबिवली पूर्व में प्रसूतिगृह और विकलांगों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेंटर शामिल होगा। कल्याण पश्चिम में कैलाश गार्डन के पास 53.40 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल का निर्माण होगा।

'दामिनी पथक' के लिए 16 स्कूटी

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग की 'दामिनी पथक' को 16 स्कूटी प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

अवैध निर्माणों और जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई

अवैध निर्माणों पर टैक्स लगाने पर रोक लगा दी गई है। यदि अवैध निर्माण पाया गया, तो उसे हटाने की लागत का दस गुना जुर्माना वसूला जाएगा। अवैध जल कनेक्शन लेने वालों पर भारी आर्थिक दंड लगाया जाएगा। संपत्तियों का सर्वेक्षण जारी है और प्रत्येक संपत्ति को नई आईडी व जीआईएस मैपिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे पानी के कनेक्शन की निगरानी की जा सकेगी।

ठाणे में मुख्यमंत्री कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

राज्य की 62 महिला और पुरुष टीमों ने लिया हिस्सा



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में आयोजित मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन वन मंत्री गणेश नाइक ने किया। इस टूर्नामेंट में राज्य की 62 पुरुष और महिला टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में ब्रास बैंड की धुन, गणेश वंदना नृत्य शैली और रोमांचक जिम्नास्टिक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वन मंत्री गणेश नाइक ने विश्वास जताया कि महायुति सरकार खेल क्षेत्र को पूरा समर्थन देगी और महाराष्ट्र अब नहीं रुकेगा। टैगलाइन के अनुरूप राज्य में खेलों की प्रगति होगी।

72वीं पुरुष श्रीकृष्ण ट्रॉफी और महिला टूर्नामेंट का आयोजन

- यह टूर्नामेंट भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की संकल्पना के तहत जे. के. कंपाउंड में महाराष्ट्र राज्य कबड्डी संघ, ठाणे जिला कबड्डी संघ, विश्वास सोशल सोसायटी और शारदा संकल्प प्रतिष्ठान द्वारा मनपा के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें 72वीं पुरुष श्रीकृष्ण ट्रॉफी और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित

- इस अवसर पर भाजपा विधायक संजय केलकर, राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गजानन कीर्तिकर, पूर्व सांसद संजीव नाइक, राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष दिनकर पाटिल, उमेश पाटिल, सुनेश जोशी, सुनील हंडोरे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। महिला मोर्चा की अध्यक्ष वृषाली वाघुले, पूर्व नगरसेवक कमल चौधरी, कविता पाटिल, अर्चना मनेरा, स्नेहा आंब्रे, दीपा गावंड, नारायण पवार, नंदा पाटिल, प्रतिभा मढ़वी, नम्रता कोली आदि ने भी इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

महाराष्ट्र सरकार बनाएगी 50 हजार साइबर वारियर्स, एआई नीति अप्रैल में होगी जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार अगले चार सालों में 50 हजार साइबर वारियर्स तैयार करने की योजना बना रही है। इनमें शिक्षक, महिलाएं, युवा, व्यवसायी, किसान और सरपंच शामिल होंगे। इन वारियर्स को साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुरुवार को विधान परिषद में भाजपा सदस्य श्रीकांत भारतीय ने नियम 97 के तहत शिक्षा क्षेत्र में एआई के उपयोग को लेकर अल्पकालीन चर्चा की। इस पर राज्य के सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने जानकारी दी कि सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) नीति तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित किया है। इसके तहत राज्य की पहली आधिकारिक एआई नीति अप्रैल में जारी की जाएगी।

कोपरी पुलिस की नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं और जल्द ही स्कूल भी बंद होने वाले हैं। ऐसे में कई परिवार यात्रा की योजना बना रहे हैं, लेकिन पुलिस ने यात्रा से पहले घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए कोपरी पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। पुलिस ने सलाह दी है कि घर छोड़ने से पहले कीमती आभूषणों को बैंक लॉकर में रखें, सुरक्षा द्वार और सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, तथा पड़ोसियों को सतर्क करें।

छुट्टियों में चोरी का बढ़ता खतरा

ठाणे पूर्व कोपरी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक निशिकांत विश्वकर ने बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं और जल्द ही अन्य स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाएं भी खत्म होने वाली हैं। ऐसे में गर्मी से बचने के लिए कई लोग ठंडी जगहों की यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि घर की सुरक्षा केवल ताला लगाने तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, क्योंकि चोर ताला तोड़कर आसानी से घरों में घुस सकते हैं।

पुलिस और नागरिकों की सतर्कता जरूरी

वरिष्ठ निरीक्षक निशिकांत विश्वकर ने बताया कि ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के निर्देशानुसार पुलिस गश्त बढ़ा रही है और अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हालांकि, नागरिकों को भी अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहना होगा। पुलिस ने सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है।

कांदिवली का ग्रोवेल मॉल होगा बंद

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) को कांदिवली स्थित ग्रोवेल मॉल को तत्काल बंद करने का आदेश दिया है, क्योंकि यह पर्यावरणीय मंजूरी के बिना बनाया गया था। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के अवैध निर्माण से पर्यावरणीय समस्याएं और बढ़ेंगी। ग्रोवेल मॉल की मालिक कंपनी ग्रोअर एंड वील (इंडिया) लिमिटेड ने बिना आवश्यक मंजूरी लिए मॉल का निर्माण कर खुद को कानून से ऊपर समझा। न्यायमूर्ति महेश सोनक और जितेन्द्र जैन की खंडपीठ ने आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि मॉल को तुरंत बंद करना आवश्यक है। कंपनी ने दलील दी कि उसने विशेष छूट योजना के तहत मंजूरी के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अदालत ने एमपीसीबी के बंदी आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि वाणिज्यिक लाभ कमाने का अधिकार पर्यावरणीय मंजूरी की कीमत पर नहीं दिया जा सकता।

ठाणे मनपा पानी बिल वसूली को लेकर हुई आक्रामक

बकायादारों की जलापूर्ति रोकी, एक दिन में 50 लाख रुपये वसूले

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका (TMC) के जल आपूर्ति विभाग ने बकाया और चालू पानी बिलों की वसूली के लिए आक्रामक अभियान शुरू किया है। गुरुवार को ब्रह्माण्ड फेस श्री, लोढ़ा क्राउन और दोस्ती कोरोना जैसे बड़े आवासीय परिसरों में कार्रवाई की गई, जिसके तहत 50 लाख रुपये की वसूली की गई।

जलापूर्ति रोककर हुई त्वरित वसूली

पानी का बिल न चुकाने पर सुबह दोस्ती कोरोना सोसायटी की जलापूर्ति बंद कर दी गई। इसके बाद सोसायटी के पदाधिकारियों ने 8.67 लाख रुपये का चेक जमा किया, जिसके तुरंत बाद जलापूर्ति बहाल कर दी गई। इसी तरह, लोढ़ा क्राउन और बालकूम की इमारतों पर भी कार्रवाई की गई, जहां विभिन्न उपभोक्ताओं ने कुल 13.51 लाख रुपये का भुगतान किया, जिससे उनकी जलापूर्ति फिर से शुरू कर दी गई।

मनपा आयुक्त ने राजस्व वसूली बढ़ाने के दिए निर्देश

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मार्च माह के अंत तक अधिकतम वसूली सुनिश्चित की जाए। इसी के तहत, उपनगर अभियंता विनोद पवार के नेतृत्व में वर्तक नगर, लोकमान्य नगर, सावरकर नगर और माजीवाड़ा-मानपाड़ा क्षेत्रों में भी वसूली अभियान चलाया गया।

बकायादारों के पानी कनेक्शन काटे जाएंगे

अभियंता विनोद पवार ने स्पष्ट किया कि यदि उपभोक्ताओं ने मार्च अंत तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया, तो अप्रैल के पहले सप्ताह में उनके पानी कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

31 मार्च के बाद नहीं मिलेगी ब्याज माफी योजना का लाभ

मनपा द्वारा लागू बकाया पर ब्याज छूट की 100 प्रतिशत अभय योजना की समय सीमा 31 मार्च 2025 तक है। अभियंता विनोद पवार ने बताया कि अगले वर्ष यह योजना लागू नहीं होगी, इसलिए उपभोक्ताओं को समय रहते बकाया चुकाने की सलाह दी गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान शिंदे बने महाराष्ट्र राज्य दिशा समिति के सदस्य

ग्रामीण विकास परियोजनाओं की निगरानी में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान वी. शिंदे को महाराष्ट्र राज्य दिशा समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह समिति केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की निगरानी एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करती है।

जोगेश्वरी में हुआ सत्कार समारोह

इस अवसर पर महाराष्ट्र जनता दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्रकुमार बाजपेयी ने जोगेश्वरी में आयोजित एक कार्यक्रम में सत्यवान शिंदे का सम्मान किया। बाजपेयी ने कहा कि शिंदे के पास ग्रामीण विकास परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी का अनुभव है, जिससे उनकी भागीदारी राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में सहायता करेगी।

समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

सम्मान समारोह में महाराष्ट्र समर्थ कामगार संघ के सचिव मनीष चव्हाण, भाजपा के वार्ड अध्यक्ष भूषण चव्हाण, केरल मुंबई उत्कर्ष सभा के अध्यक्ष रूपेश कृष्णन, व्यापारी दीपक गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

स्कूली वाहनों में ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई

मुंबई। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन कर स्कूली वाहनों में बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने आदेश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में स्कूली बसों में बच्चों को सामान की तरह भरा जाता है, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा होता है। परिवहन विभाग ने इस पर कार्रवाई के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है, जिसकी रिपोर्ट पर जल्द ही अमल किया जाएगा। परिवहन मंत्री सरनाईक ने बिना ट्रेड सर्टिफिकेट वाले वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार, वाहन वितरकों और निर्माताओं को वाहनों की बिक्री से पहले ट्रेड सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है।

आरटीई प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन 24 तक

अभिभावकों को समय पर सत्यापन कराने की अपील

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे। निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) 2009 के तहत हर वर्ष 25% आरक्षित सीटों पर प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की जाती है। इसी क्रम में ठाणे जिला परिषद द्वारा प्रतीक्षा सूची चरण 01 के तहत 2,705 विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से शुरू कर दी गई है।

एसएमएस पर निर्भर न रहें, आरटीई पोर्टल पर स्थिति जांचें

ठाणे जिला परिषद ने अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल एसएमएस के भरोसे न रहें। उन्हें आरटीई पोर्टल पर 'आवेदन स्थिति' टैब में जाकर आवेदन संख्या दर्ज करके अपने बच्चे की स्थिति की स्वयं जांच करनी चाहिए। साथ ही, समय-समय पर दिए गए निर्देशों का

24 मार्च तक दस्तावेज सत्यापन अनिवार्य

प्रतीक्षा सूची में चयनित छात्रों के अभिभावकों को निर्धारित समय के भीतर आवंटन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ नजदीकी सत्यापन केंद्र जाकर समिति का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

शिक्षा अधिकारी की अपील

शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब रक्से ने अभिभावकों से 24 मार्च 2025 तक दस्तावेजों का सत्यापन और ऑनलाइन प्रवेश की पुष्टि करने की अपील की है। समय पर सत्यापन न कराने पर प्रवेश प्रक्रिया अधूरी रह सकती है।

5 वर्ष तक के बच्चों का सबसे अधिक पंजीयन करने वाले आधार सेंटर को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण को बढ़ाने के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित करेगी। अगले एक महीने में सबसे अधिक पंजीकरण करने वाले आधार सेंटर को 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। यह घोषणा राज्य के सूचना व प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री आशीष शेलार ने की। शेलार ने बताया कि राज्य में अब तक 12 करोड़ 8 लाख नागरिकों का आधार पंजीकरण हो चुका है। 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 100% नागरिकों के आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं, लेकिन 0 से 5 वर्ष के केवल 39% बच्चों के ही आधार कार्ड बने हैं। इस अंतर को कम करने के लिए सरकार आधार पंजीकरण केंद्रों को नई किट प्रदान कर रही है।

नए किट के वितरण की योजना शुरू

राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में आयोजित कार्यक्रम में शेलार ने नई किट वितरण योजना का शुभारंभ किया। राज्य के सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव पराग जैन-नैनुटिया और मुंबई उपनगर के जिलाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर उपस्थित थे। मुंबई, ठाणे और पालघर के आधार केंद्रों के संचालकों को नई आधार पंजीकरण किट वितरित की गई।

कोर्ट के आदेश के बाद मनपा ने तोड़ा विवादित शौचालय

नगरसेवक के दबाव में हुआ था निर्माण

डीबीडी संवाददाता | शहाड

शहाड से सी ब्लॉक मार्ग पर रेलवे की दीवार के किनारे बने पदचारी पथ पर मनपा प्रशासन के सार्वजनिक बांधकाम विभाग ने स्थानीय नगरसेवक के दबाव में एक शौचालय का निर्माण शुरू किया था। इस शौचालय के सामने ही एक धार्मिक स्थल स्थित होने के कारण मामला न्यायालय तक पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर निर्माण कार्य रोक दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वहां लोग लघुशंका करते और कचरा फेंकते रहे। गुरुवार को मनपा प्रशासन ने जेसीबी मशीन से इस विवादित शौचालय को तोड़ दिया। यह मामला नगरसेवकों के दबाव में लिए गए गलत फैसलों और जनता के पैसों की बर्बादी का उदाहरण बन गया। बिना उचित योजना के धार्मिक स्थल के सामने शौचालय बनाया गया, जिसके विरोध के बाद न केवल निर्माण कार्य रुका, बल्कि न्यायालयी लड़ाई में भी मनपा के लाखों रुपये खर्च हो गए।

स्थानीय नागरिकों को मिली राहत

मनपा प्रशासन ने शौचालय को गिराने का निर्णय क्षेत्र में सफाई बनाए रखने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से लिया। इस कार्रवाई से सफाई अभियान को बल मिलेगा, क्षेत्र स्वच्छ दिखेगा और स्थानीय नागरिकों को दुर्गंध व अस्वच्छता से राहत मिलेगी।

फॉलो अप : अंधेरी गैस लीक कांड

जलते शरीर, टूटी ज़िंदगियां : मदद के लिए रोता परिवार !

संदीप कसालकर । मुंबई

9 मार्च की रात अंधेरी ईस्ट में गैस पाइपलाइन रिसाव से लगी आग ने दो दोस्तों की ज़िंदगी तबाह कर दी। हादसे में 22 वर्षीय अरविंद कैथल 55% जल गए, जबकि उनके दोस्त अमन सरोज (22) की मौत हो गई। अरविंद अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, लेकिन उनके परिवार के लिए अस्पताल के बढ़ते बिल किसी बुरे सपने से कम नहीं। यह रात अरविंद के लिए खास थी—वह नौकरी पर दोबारा लौटने वाले थे। दोस्त अमन के साथ भारत-न्यूजीलैंड मैच का जश्न मनाने के बाद वे बाइक से घर लौट रहे थे। लेकिन रात 12 बजे के बाद, शेर-ए-पंजाब, अंधेरी ईस्ट में गैस लीक से उठी आग की लपटों ने उन्हें घेर लिया। दोनों जलते हुए सड़क पर गिर पड़े। 80% जले अमन को ऐरोली के नेशनल बर्न्स सेंटर (NBC) ले जाया गया, लेकिन अगली सुबह उसने दम तोड़ दिया।

परिवार पर टूटा आर्थिक बोझ

अरविंद का परिवार किसी चमत्कार की उम्मीद में है, लेकिन अस्पताल के बढ़ते खर्च उनकी उम्मीदों को तोड़ रहे हैं। उनके पिता मजदूर हैं, मां गृहिणी और तीनों भाई सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर जैसे-तैसे घर चला रहे हैं। अरविंद के भाई अरुण कैथल कहते हैं कि हमारा परिवार पूरी तरह बिखर चुका है। अमन चला गयाऔर हम पैसों की चिंता में डूबे हैं। अब तक परिवार 66,000 सिर्फ दवाइयों पर खर्च कर चुका है, जबकि बाकी बिल लगातार बढ़ रहे हैं। टाटा ट्रस्ट से कुछ मदद मिली, लेकिन सर्जरी और दवा का खर्च अभी भी बाकी है।

अरविंद के इलाज के लिए मदद की जरूरत

अरविंद अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं। लेकिन अगर समय रहते पर्याप्त मदद नहीं मिली, तो उनका इलाज अधूरा रह सकता है।

गैस लीक का जिम्मेदार कौन?

मुंबई फायर ब्रिगेड को रात 1:35 बजे आग की सूचना मिली। इसे लेवल 1 (माइनर फायर) घोषित किया गया, लेकिन हादसे में तीन लोग बुरी तरह झुलस गए। जांच में सामने आया कि महानगर गैस लिमिटेड (MGL) की पाइपलाइन एक ठेकेदार द्वारा खुदाई के दौरान लीक हुई थी। यह खुदाई BMC के लिए की जा रही थी, लेकिन क्या इसके लिए सही अनुमति ली गई थी? पुलिस ने ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मामले की जांच अभी जारी है।

राजनीतिक वादे, लेकिन अधूरी मदद

हादसे के बाद कुछ विधायकों ने अस्पताल जाकर मदद का वादा किया, लेकिन परिवार को अब तक मामूली आर्थिक सहायता ही मिली।

विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद सभापति की शिकायत की

मुंबई। महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपा। विपक्ष का आरोप है कि उन्हें सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने नहीं दिया जा रहा है और संसदीय परंपराओं का उल्लंघन किया जा रहा है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अबांदास दानवे द्वारा राज्यपाल को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि विपक्ष का कार्य सिर्फ सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि नीतियों की समीक्षा, आलोचना और वैकल्पिक सुझाव देना भी है। लेकिन सदन की कार्यवाही में नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे विपक्षी नेताओं को बोलने से रोका जा रहा है।

वरिष्ठ मूर्तिकार राम सुतार को मिलेगा महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की घोषणा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को विधानसभा में घोषणा की कि वरिष्ठ मूर्तिकार राम सुतार को वर्ष 2024 का महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान महाराष्ट्र राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

100 वर्ष की आयु में भी जारी है कला साधना

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि राम सुतार 100 वर्ष की आयु में भी मूर्तिकला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह इंदु मिल में निर्माणाधीन डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर स्मारक में स्थापित होने वाली बाबासाहेब अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं।

पुरस्कार चयन समिति ने दी मंजूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के लिए नामों का चयन पुरस्कार चयन समिति द्वारा किया जाता है। इस वर्ष 12 मार्च 2025 को हुई समिति की बैठक में राम सुतार के नाम को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

पुरस्कार के तहत 25 लाख रुपये और सम्मान चिन्ह

महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के अंतर्गत 25 लाख रुपये की धनराशि, एक प्रमाण पत्र, एक पदक और एक शॉल प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से यह सम्मान राम सुतार की उल्लेखनीय कलाकृति और मूर्तिकला में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए दिया जा रहा है।

अंधेरी पूर्व में इंडस्ट्रियल एस्टेट में भीषण आग

लाखों की संपत्ति जलकर खाक

मुंबई। अंधेरी पूर्व के न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट में गुरुवार दोपहर भीषण आग लग गई। हालांकि, सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मुंबई महानगरपालिका के अनुसार, आग शांति नगर स्थित महाकाली केव्स रोड पर गिरिराज इंडस्ट्रियल के पास स्थित न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट में दोपहर करीब 2 बजे लगी। जैसे ही फायर ब्रिगेड के कंट्रोल रूम को सूचना मिली, दमकल की कई गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर रवाना किया गया। साथ ही, स्थानीय पुलिस, एंबुलेंस और मनपा कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

तीन मंजिला संरचना को हुआ नुकसान

आग इंडस्ट्रियल गाले के ग्राउंड फ्लोर और ऊपर की दो मंजिलों तक फैल गई, जिससे 500X1000 वर्ग फीट क्षेत्र प्रभावित हुआ। आग को लेवल-3 (मध्यम श्रेणी की गंभीर आग) घोषित किया गया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है, लेकिन अभी भी पूरी तरह से बुझाने का कार्य जारी है। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

मध्य रेल

विभिन्न कार्य

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.) सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई - 400019. **निविदा नोटिस संख्या: C W E / M T N / 85255336/2025. निविदा संख्या:** 85255336. **विवरण:** (आरएसपी) एयरोसोल फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना, 01 सं. 08/10 जीएम शेल ऑनबोर्ड पैनल और 1 नंबर में प्रदान किया जाएगा। आरडीएसओ स्पेकन के तकनीकी पैरामीटर्स के साथ लाइन में पैनल में 100 ग्राम। **सं.** आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0184 - 2015 (आरईवी. 1) या नवीनतम। **मात्रा:** 1350 SETS. **खोलने के लिए नियत तारीख:** 16.04.2025. **निविदा मूल्य:** 29430000 मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। DE-856

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

महाराष्ट्र के विकास पर मुख्यमंत्री फडणवीस और बिल गेट्स के बीच चर्चा

गेट्स फाउंडेशन मलेरिया उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण में देगा सहयोग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के बीच गुरुवार को सह्याद्री राज्य अतिथि गृह में बैठक हुई। इस दौरान महाराष्ट्र में स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। गेट्स फाउंडेशन ने महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त करने और डेंगू नियंत्रण के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके तहत गढ़चिरौली जिले से इस अभियान की शुरुआत होगी।



25 लाख महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

बिल गेट्स ने महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री लाडकी बहन योजना का समर्थन करते हुए कहा कि गेट्स फाउंडेशन और माइक्रोसॉफ्ट इस पहल में भाग लेंगे। इस योजना के तहत राज्य सरकार महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह सहायता राशि प्रदान कर रही है, जबकि 25 लाख महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से करोड़पति बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि और स्वास्थ्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बिल गेट्स से इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग देने की अपील की। इसके अलावा, AI के माध्यम से कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार लाने की भी योजना बनाई जा रही है।

सौर ऊर्जा से किसानों को 24 घंटे बिजली देने की योजना

मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में 30% बिजली उत्पादन सौर ऊर्जा से हो रहा है, जिसे बढ़ाकर 52% किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बिजली फीडरों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की योजना है, जिससे किसानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

नवी मुंबई में बनेगी 300 एकड़ की इनोवेशन सिटी

फडणवीस ने बिल गेट्स को नवी मुंबई में 300 एकड़ में बनने वाली इनोवेशन सिटी की जानकारी दी और सहयोग की अपील की। इस पर बिल गेट्स ने वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का वचन दिया। बिल गेट्स ने कहा कि महिलाओं के वित्तीय लेन-देन को डिजिटल बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट और गेट्स फाउंडेशन सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, प्रमुख सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, गेट्स फाउंडेशन के भारत निदेशक हरि मेनन, वैश्विक मलेरिया परियोजना निदेशक फिलिप वेल्कॉफ और स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. आनंद बंग उपस्थित थे।

नायर अस्पताल आत्महत्या मामला

पूर्व विभागाध्यक्ष ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती

विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर

मुंबई। टोपीवाला नेशनल मेडिकल कॉलेज और बीवाईएल नायर चैरिटेबल अस्पताल के स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. चिंग लिंग यी ने विशेष ट्रायल कोर्ट के 28 फरवरी के आदेश को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी है। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें डॉ. पायल तड़वी आत्महत्या मामले में चौथे आरोपी के रूप में शामिल किया था। इस याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है।

क्या कहा गया याचिका में?

डॉ. चिंग लिंग यी की ओर से वकील आशीष चव्हाण के माध्यम से दायर याचिका में तर्क दिया गया है कि 23 मई 2019 को अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया था।

अभियोजन पक्ष का तर्क

मामले के पूर्व विशेष सरकारी वकील प्रदीप घरात ने कहा कि डॉ. पायल तड़वी ने कई बार शिकायत की थी, लेकिन डॉ. चिंग लिंग यी ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। मेडिकल कॉलेज में पायल द्वारा उठाई गई चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया गया और इसे सामान्य घटनाक्रम बताया गया।

पश्चिम रेलवे

विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. क्रमांक:1 **ई-टेंडर नोटिस संख्या: बीसीटी/24-25/310 दिनांक 18/03/2025 आमंत्रित करते हैं।कार्य और स्थान:** (1) नायगांव और वसई रोड रेलवे स्टेशन: 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दैनिक आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। (2) नालासोपारा और विरार रेलवे स्टेशन:730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दैनिक आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,48,52,787.32 **ईएमडी:** 2,24,300/क्रमांक:2 **-ई-निविदा सूचना संख्या:** बीसीटी/24-25/311 दिनांक 18/03/2025 कार्य एवं स्थान: बांद्रा पाली हिल-730 दिनों की अवधि के लिए टैंकरों द्वारा पीने योग्य पानी की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत:**75,62,800/- **ईएमडी:** 1,51,300/- **उपरोक्त दोनों निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय:**11.04.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:**11.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 1198

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

सार्वजनिक अधिसूचना

नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर रेलवे किलोमीटर 55/10-11 पर फुट ओवर ब्रिज की सीढ़ियों को बंद करना।

यह बताया जाता है कि एमआरवीसी नालासोपारा स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के विस्तार और डेक के प्रावधान का कार्य कर रहा है। इस संबंध में, नालासोपारा स्टेशन के **प्लेटफार्म नं. 1 पर रेलवे किलोमीटर 55/10-11 पर फुट ओवर ब्रिज** की डबल डिस्चार्ज सीढ़ी के अतिरिक्त (द्वितीयक) लेग को फुट ओवर ब्रिज के कॉलम की नींव की ढलाई के लिए बंद किया जाना आवश्यक है। उपरोक्त के मद्देनजर, उक्त सीढ़ी **22.03.2025** से यात्रियों के लिए बंद रहेगी। हालांकि, यात्रियों के लिए मुख्य सीढ़ी उपलब्ध रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए अत्यधिक खेद है।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
1201

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर बुजुर्ग महिला को किया डिजिटल अरेस्ट

20 करोड़ लूटा, 3 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में 86 साल की बुजुर्ग महिला ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में अपनी बचत के 20 करोड़ रुपए गंवा दिए। जालसाजों में से एक ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। इन लोगों ने पीड़ित को दो महीने तक घर पर रहने और हर तीन घंटे में फोन करके रोजाना उसकी लोकेशन बताने के लिए मजबूर किया।26 दिसंबर 2024 से 3 मार्च के बीच हुए इस फ्रॉड में मुंबई पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस महिला के 77 लाख रुपए फ्रीज करने में कामयाब रही। इसके लिए पुलिस ने आरोपियों के उन बैंक खातों को सील किया, जिनमें पैसे ट्रांसफर किए गए थे।

सीबीआई अधिकारी बनकर किया फोन

पीड़ित बुजुर्ग ने मार्च के पहले हफ्ते में पुलिस में शिकायत दर्ज की। इसके मुताबिक उसे एक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने खुद को CBI अधिकारी बताया। इन लोगों महिला से कहा कि उसके आधार कार्ड से एक बैंक अकाउंट खोला गया है, जिसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा है।

हर 3 घंटे में लोकेशन चेक करते थे

इसके बाद आरोपी ने महिला से कहा कि इस मामले की जांच CBI कर रही है। इसलिए उसे अपने कमरे में ही रहना होगा। उसने महिला को डिजिटल अरेस्ट किया और उसके बच्चों को भी गिरफ्तार करने की धमकी दी। वे उसे हर 3 घंटे में फोन करके लोकेशन चेक करते रहे।

केवल खाना खाने के लिए बाहर आती थी पीड़िता

डिजिटल अरेस्ट के दौरान महिला केवल खाना खाने के लिए कमरे से बाहर निकलती थी। कमरे में बंद रहने के दौरान वह किसी पर चिल्लाती थी। उसके इस व्यवहार को घर की मेड ने देखा और इसके बाद उसकी बेटी को बताया।

जांच पूरी होने के बाद रकम लौटाने का वादा किया

जालसाजों ने बुजुर्ग महिला से उसकी बैंक डीटेल मांगी। मामले से उसका नाम हटाने और अदालती फीस जैसे कारण बताकर करीब 20.26 करोड़ रुपए ठगे। साथ ही जांच पूरी होने के बाद रकम लौटाने का वादा किया था।

मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस से मलाड से शायन जमील शेख, ठाणे के मीरा रोड से रजीक अजान बट और ऋतिक शेखर ठाकुर को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस को शक है कि बट साइबर जालसाजों के एक इंटरनेशनल गिरोह का हिस्सा था।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग: मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)

संख्या.: ई. ई.मेक. (एस)/365/एम एंड ई दिनांक -20 मार्च 2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका निम्नलिखित सूचीबद्ध विषयगत कार्यों के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा वितरण और बिक्री की तारीख और समय, निविदा बिक्री की तारीख और समय के बारे में विवरण बृहन्मुंबई नगर निगम की वेबसाइट यानी http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर वेबसाइट यानी http://mahatenders.gov.in पर निविदा अवलोकन के तहत प्रकाशित / अपलोड किया गया है।

क्र.	निविदा संख्या	निविदा का विषय
1.	2025_MCGM_1162835_1	देवनार बूचड़खाने में किराए के आधार पर बकरी ईद कार्यक्रम 2025 की व्यवस्था के लिए अस्थायी शेड और अन्य संबद्ध सेवाएं प्रदान करना। समूह I
2.	2025_MCGM_1162837_1	देवनार बूचड़खाने में किराए के आधार पर बकरी ईद कार्यक्रम 2025 की व्यवस्था के लिए अस्थायी शेड और अन्य संबद्ध सेवाएं प्रदान करना। समूह II
3.	2025_MCGM_1162840_1	देवनार बूचड़खाने में किराए के आधार पर बकरी ईद कार्यक्रम 2025 की व्यवस्था के लिए अस्थायी शेड और अन्य संबद्ध सेवाएं प्रदान करना। समूह- III

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर पोर्टल की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर जा सकते हैं।

पीआरओ/ 2877/ विज्ञा./2024-25

हस्ता/-
अधिशाषी अभियंता यांत्रिक(दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

संपादकीय

सुनीता-विल्मोर की वापसी विज्ञान की जीत

भारतीय समयानुसार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर फ्लोरिडा के समंदर में लैंडिंग कर स्पेस क्राफ्ट ड्रेगन के कैप्सूल ने जब 4 अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित लॉन्चिंग कराई, तो इतिहास रचा जा चुका था भारतीय समया नुसार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर फ्लोरिडा के समंदर में लैंडिंग कर स्पेस क्राफ्ट ड्रेगन के कैप्सूल ने जब 4 अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित लॉन्चिंग कराई, तो इतिहास रचा जा चुका था। कारण यह था कि इसमें दो यात्री ऐसे भी थे जो लगभग 9 माह पहले मिशन पर गये थे लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से उनका 8 दिनों का मुकाम बढ़ता चला गया था। पृथ्वी से औसतन लगभग 400 किलोमीटर ऊपर नितांत निर्जन व निर्वात, शून्य गुरुत्वाकर्षण, करोड़ों किलोमीटर तक अंतरिक्ष में पृथ्वी व उसके चंद्रमा के बगैर माइनस 121 डिग्री सेल्सियस से लेकर माइनस 157 डिग्री सेल्स. तापमान में सुनीता विलियम्स व बुच विल्मोर ये यात्री थे, जिन्होंने नयी-नयी तकनीकी दिक्कतों को अपने साहस, धैर्य और ज्ञान से परास्त करते हुए पृथ्वी पर वापसी कर खगोल विज्ञान के इतिहास में अपने नाम के अलग अध्याय लिख दिये हैं। सुनीता के प्रति भारतीयों का लगाव स्वाभाविक है क्योंकि उनकी जड़ें इसी देश की हैं, परन्तु इस मायने में उनका नाम ऊपर लिखा जायेगा कि वे पहली ऐसी यात्री बन गयी हैं जिन्होंने अंतरिक्ष की तीन बार यात्राएं कीं। इसके साथ ही वे उस क्लब में शामिल हो गयी हैं जिन्होंने 600 से ज्यादा दिन घने काले अंतरिक्ष में बिताये हैं जो अनंत है, अपार है, अबूझ व अल्पज्ञात भी ऐसा ब्रह्मांड जिसमें एक बार खो जाने पर मनुष्य तो क्या एक तिनके का भी कभी पता न चले, वहां सुनीता-विल्मोर की जोड़ी ने न धैर्य खोया न हिम्मत और न ही अपना मानसिक संतुलन। वे वहां विभिन्न तरह के प्रयोग करते रहे लेकिन वक्त पर बस या ट्रेन न मिलने से भी विचलित हो जाने वाले सामान्यजन को इस बात का कभी अंदाजा नहीं हो सकता कि बार-बार रद्द होती वापसी से कोई भी व्यक्ति कितना विचलित हो सकता है। वह भी ऐसी जगह पर बैठा व्यक्ति जो जानता है कि इस सतत फैलते और एक-दूसरे के गुरुत्वाकर्षण से बंधकर परिक्रमा करते अंतरिक्ष में कुछ भी निश्चित नहीं है। कब कौन सा यात्री थोड़ी गलती होनेपर छिटककर प्रति सेकंड 16 हजार किलोमीटर की रफ्तार से फेंक दिया जायेगा या कब कौन सा उल्का पिंड आकर टकरा जाये अथवा किस क्षण कोई ग्रह उस यात्री व स्पेस स्टेशन तो क्या पूरी पृथ्वी को ही अपने में विलीन कर दे। भारतीय संविधान में जिस 'साइंटिफिक टेंपर' यानी 'वैज्ञानिक चेतना' की बात कही गयी थी और उसे विकसित करना सरकार का एक प्रमुख दायित्व तय किया गया था, वह आज पूर्णतः अनुल्लेखनीय व अवांछित नीति-तत्व बनकर रह गया है। सियासत यदि सत्ता बनाये रखने के लिये देश को मध्ययुग की ओर ले जाये तो वहां केवल राजनेताओं द्वारा छवि निर्माण और विश्वगुरु होने का भ्रम ही शेष रह जाता है। बेहद मुश्किल मिशन में पड़े अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिये अमेरिका के तमाम वैज्ञानिकों के साथ वहां के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बचाव का काम अपने देश के नासा व स्पेसएक्स पर छोड़ रखा था। इसके बरक्स हम देखें तो श्रेय लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वक्त तत्पर रहते हैं। यहां तक तो फिर भी ठीक है कि एक राजनेता होने के नाते वे लोगों को इस तरह से प्रभावित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जिस तरह से देश में अवैज्ञानिकता और अंधविश्वास को वे न केवल बढ़ावा देते हैं बल्कि वैसी वैचारिकता का नेतृत्व भी करते हैं। मौके का लाभ उठाकर मोदीजी ने तुरंत सुनीता को चिट्ठी भी लिख दी जिसमें उन्होंने वापसी पर प्रसन्नता जताई है। ये वही मोदीजी हैं जिन्होंने कोरोना काल में सड़कों पर घिसटते करोड़ों गरीबों के परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं की और न ही खोज-खबर ली कि वे कितनी मुश्किलों से लौट रहे हैं। नाले की गैस से चाय बनाने, राडार से जहाजों को छिपाने, टर्बाइन से ऑक्सीजन व पानी को अलग करने की बातें करने वाला व्यक्ति जब ऐसी चिट्ठी लिखे तो हंसी का पात्र ही बनता है। सुनीता की वापसी उस विज्ञान की जीत है जिससे दूर रहकर फिलहाल भारत मुस्लिम शासकों की कब्रें तथा मस्जिदों-दरगाहों के नीचे शिवलिंग ढूंढ़ने में मग्न है।

क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान को हो संवाद की पहल

दक्षिण भारत के कई मुद्दे आजकल खबरों में हैं।विवाद की हालिया वजह 2026 में अपेक्षित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन है। दरअसल, दक्षिणी राज्यों को डर है कि परिसीमन के बाद देश की संसद में उनका प्रतिनिधित्व व प्रभुत्व कम हो जायेगा। दक्षिण समेत देश के सभी राज्यों की जायज मांगों को संबोधित के लिए केंद्र सरकार के आला प्रतिनिधियों को राज्यों से खुलकर बातचीत करने की जरूरत है। इस सदी के पहले डेढ़ दशक के दौरान मुझे दक्षिण और उत्तर-पूर्वी भारत का व्यापक दौरा करने का अवसर मिला था। इससे पहले,जम्मू-कश्मीर में उथल-पुथल भरे कुछ वर्षों के दौरान वहां रहने का भी मौका मिला था और बेशक पंजाब तो मेरा गृह राज्य है ही और यही वह सूबा है जहां पर 1966 में बतौर आईपीएस मेरी सेवाएं शुरू हुई थीं। यह इस महान राष्ट्र में मेरे दायरे की विहंगम दृश्यावली है और अकसर मैं इसकी विशालता पर विस्मित हुआ करता हूं। लगभग पांच दशकों की सरकारी सेवा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दौरा-निरीक्षण, लोगों से हुआ मेल-जोल 'विविधता में एकता' के पुराने सिद्धांत को समृद्ध परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और संविधान के अनुच्छेद 15 में अंतर्निहित सिद्धांत की बदौलत हमारे राष्ट्र को मिले संतुलन का मैं गवाह हूं। पुलिस में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने यह उस तबाही को भी देखा है जो निहित स्वार्थों द्वारा पुरानी विभाजन रेखाओं को उभारने से बन सकती है। इन दिनों राष्ट्रीय मीडिया पर दक्षिण भारत की हलचल की खबरें खूब छाई हुई हैं और राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक गलियारों में भी यह गर्मागर्म बहस का विषय है। इस विवाद की हालिया वजह 2026 में होने वाली नई जनगणना के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का अपेक्षित परिसीमन है। अन्य कारकों में समान नागरिक संहिता, नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन, हिंदी थोपने की आशंका, संघीय ढांचे को कथित रूप से कमजोर करना और केंद्र सरकार से राज्यों को अपर्याप्त धन का प्रवाह है। दक्षिणी राज्यों को लगता है, और शायद यह सही भी है, समग्र विकास सूचकांकों में वे मध्य और उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में कहीं अधिक आगे हैं, विशेष रूप से आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, मानव संसाधन विकास, उच्च तकनीकी और स्कूली शिक्षा में। उनकी एक बड़ी संख्या अनिवासी भारतीयों की भी है, जो विदेशों से राष्ट्रीय कोष में अरबों डॉलर जोड़ते हैं। दक्षिण भारत का समुद्री मार्ग से खाड़ी एवं अन्य देशों के साथ व्यापार का समृद्ध इतिहास रहा है, जो उन्हें व्यापार और विस्तारित परिवारों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपस में काफी जोड़कर रखता है। आज बंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई अग्रणी ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स हैं, और उन्हें

अपने यहां बड़ी संख्या में कामगार प्रवासी समुदाय और सफेदपोश नौकरियां मुहैया करवाने पर गर्व है।

उन्हें डर यह है कि आगामी परिसीमन उनके राजनीतिक और वित्तीय भविष्य की जड़ों को काट देगा। शिक्षा ने दक्षिण भारत को परिवार नियोजन के लाभों से जागरूक किया और उन्होंने आबादी नियंत्रण में काफी सफलता भी प्राप्त की है। यदि परिसीमन की वर्तमान प्रक्रिया को अंजाम दे दिया जाता है तो संसद में वहां से आने वाली कुल सीटों का प्रतिशत घट जाएगा और इसके मुख्य लाभार्थी यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र होंगे। इन दिनों इस विषय पर खुलकर कहा जा रहा, लेकिन जब मैं दक्षिण भारत में कुछ बैठकों में भाग लेने जाता था तब नौकरशाही के स्तर पर इस मामले पर बात दबी आवाज़ में की जाती थी। उनका डर यह था कि शिक्षा, नियंत्रित जनसंख्या, बेहतर संस्थागत और शैक्षिक बुनियादी ढांचा और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में

गुरवचन जगत

अधिक योगदान के बावजूद, संख्या के आधार से वे कभी राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थिति में नहीं रह पाएंगे। यह बात बिना लाग-लपेट कही जाती थी, बाकी आप पर छोड़ दिया जाता था कि अपने निष्कर्ष खुद निकालें। केन्द्र के साथ खुले संवाद के अभाव में, धीरे-धीरे राजनेता सार्वजनिक मंचों पर आकर अब वह सब कहने लगे हैं, जो पहले अनकहा रहा। उन्हें परिसीमन नहीं चाहिए, वे समान नागरिक संहिता नहीं चाहते, वे नहीं चाहते कि हिन्दी उनपर थोपी जाए, बल्कि वे केंद्र से ज्यादा धन और राष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर अधिक हैसियत चाहते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या कोई उनसे इस सिलसिले में वार्ता कर रहा है? यह सरकार का कर्तव्य होता है कि संभावित समस्या का पूर्वानुमान लगाए और सुनिश्चित करे कि पुराने और नए विवादों की बारीक दरारें चौड़ी खाई में परिवर्तित न होने पाएं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि क्षेत्रीय राजनीति पर द्रविड़ आंदोलन का हमेशा से तगड़ा साया रहा है और डीएमके, एआईएडीएमके और एमडीएमके, सभी इसी आंदोलन की उपज हैं।फिलहाल पांच प्रमुख दक्षिणी राज्य (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र) के पास संसद की कुल 543 सीटों में से 129 सीटें हैं, जो कुल राष्ट्रीय वोटर संख्या के महज 23.7 फीसदी का प्रतिनिधित्व करती हैं। जबकि इसकी तुलना में, चार उत्तरी सूबे (यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश) जनगणना के हिसाब से सबसे अधिक लाभ ले रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों को संसद, राज्यों की विधानसभाओं और लोगों से बात करनी चाहिए। लोगों को विश्वास में लिया जाना चाहिए, शांति में हम सभी का हित है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर, दोनों राज्यों में फिर से सरगर्मी बढ़ने लगी है और ऐसा लगता है कि सीमा पार के हमारे पड़ोसी एक बार फिर से आग भड़काने में लगे हैं। रोजाना गंभीर घटनाएं हो रही हैं और सरकार से हमें केवल लफ्फाजी सुनने को मिल रही है। धर्म और राजनीति का घालमेल एक घातक मिश्रण है, जैसा कि हम विगत में देख चुके हैं। ऐसी घटनाओं को दबायाा नहीं जा सकता। राजनीतिक दलों को स्वार्थ साधना बंद करना होगा और सरकार को अपनी इच्छाशक्ति और प्रशासन को अपना संकल्प दिखाना चाहिए – यदि अभी नहीं, तो कब?

जीवन मंत्र

सत्य का पक्ष लेना होगा

घृणा और कोसना सही प्रवृत्तियां नहीं हैं। यह भी सच है कि सभी वस्तुओं और लोगों को एक शांत एवं निर्मल दृष्टि से देखना, अपने निर्णयों में निर्लिप्त और निष्पक्ष बने रहना बिल्कुल योगी प्रवृत्ति है। इससे पूर्ण समता की स्थिति स्थापित की जा सकती है, जिसमें व्यक्ति सभी को, मित्रों और शत्रुओं समेत, एक बराबर जैसा देखता है, और जो कुछ लोग कहते व करते हैं अथवा जो कुछ होता है, उससे वह घबराता नहीं है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या हमसे इसी सब की अपेक्षा की जाती है? यदि ऐसा है, तब तो प्रत्येक वस्तु के लिए सामान्य प्रवृत्ति निष्पक्ष उदासीनता की ही होगी। किंतु गीता, जो पूर्ण और असीम समता पर दृढ़तापूर्वक जोर देती है, आगे कहती है, 'लड़ो, शत्रु को नष्ट कर दो, जीतो।' यदि किसी तरह का सामान्य कर्म नहीं चाहिए; किसी की व्यक्तिगत साधना के अतिरिक्त मिथ्यात्व के विपरीत सत्य के प्रति कोई निष्ठा नहीं है; सत्य की विजय का कोई संकल्प नहीं है, तब तो उदासीनता वाली समता पर्याप्त होगी। पर यहां तो एक काम करना है, एक सत्य को स्थापित करना है, जिसके विरुद्ध असीम

शक्तियां कतार बांधे खड़ी हैं; ऐसी अदृश्य शक्तियां, जो प्रत्यक्ष वस्तुओं, व्यक्तियों और कर्मों को अपना उपकरण बनाकर प्रयुक्त कर सकती हैं।यदि कोई शिष्यों में से है, इस सत्य को खोजने वालों में से है, तो उसे सत्य के लिए पक्ष लेना होगा, उन शक्तियों के विरुद्ध उसे खड़े होना होगा, जो उस पर आक्रमण करती हैं और उसका गला घोंटना चाहती हैं। महाभारत के युद्ध में अर्जुन इस या उस (पांडव या कौरव) किसी पक्ष के लिए खड़ा नहीं होना चाहता था। वह आक्रमणकारियों के विरुद्ध भी युद्ध संबंधी कोई कर्म करने से इनकार कर रहा था; तब श्रीकृष्ण ने, जो समता पर इतना जोर दे रहे थे, अर्जुन की इस प्रवृत्ति पर उसे जोर से फटकारा और उतने ही जोर से उसके सामने प्रस्तुत शत्रु से लड़ने पर बल दिया। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा, 'समता रखो और सत्य को स्पष्ट रूप से देखते हुए लड़ो।' ' इसलिए सत्य का पक्ष लेना और आक्रमण करने वाले मिथ्यात्व को कोई छूट देने से इनकार करना, अटल रूप से निष्ठावान और शत्रुओं व आक्रमणकारियों के विरुद्ध होना समता से असंगत नहीं है। यह एक आध्यात्मिक लड़ाई है, आंतरिक और बाह्य; निष्पक्षता और समझौता या सहिष्णुता से भी व्यक्ति शत्रु-शक्ति को जाने और सत्य तथा उसकी संतति को कुचल डालने की अनुमति दे सकता है। तुम उसे इस दृष्टिकोण से देखो, तो तुम्हें दिखलाई पड़ेगा कि यदि आंतरिक आध्यात्मिक समता सही है, तो सक्रिय निष्ठा और दृढ़तापूर्वक पक्ष लेना भी सही है, और ये दोनों असंगत नहीं हो सकते।

जीवन ऊर्जा मॉडेस्ट मुसॉर्स्की : जन्म- 21 मार्च 1839 **जन्म**

प्रत्येक व्यक्ति को अपने रास्ते पर चलने दें

मॉडेस्ट मुसॉर्स्की एक रूसी संगीतकार थे। उन्होंने एक प्रसिद्ध पियानो सुइट पिक्चर्स एट एन एग्जीबिशन की रचना की। मुसॉर्स्की का संगीत अक्सर रूसी लोक विषयों और राष्ट्रवादी भावनाओं को प्रतिबिंबित करता था। शराब और गरीबी से जूझने के बावजूद उन्होंने शास्त्रीय संगीत पर अमिट प्रभाव छोड़ा। उनका जन्म 21 मार्च 1839 और मृत्यु 28 मार्च 1881 को हुआ।

परियों की कहानियों से दूर, आइए वास्तविक जीवन जीएँ। कला कोई हस्तशिल्प नहीं है; यह कलाकार द्वारा अनुभव की गई भावना का संचरण है। मेरा संगीत अपने सभी बेहतरीन रंगों में मानव भाषण का कलात्मक पुनरुत्पादन होना चाहिए। संगीतकार क्या अभिव्यक्त करना चाहता है, इसके दृढ़ विचार के बिना, संगीतकार कभी भी कुछ हासिल नहीं कर पाएगा। मेरा मानना है कि प्रेरणा, ब्रह्मांड के निर्माता से आती है, क्योंकि वह ही है जो मुझे वही करने के लिए कहता है जो मैं करता हूं। संगीत सभी कलाओं का स्वामी है। काश जनता संगीतकार के बजाय उस व्यक्ति के चरित्र को समझ पाती। काश मुझे संगीत लिखना आता। काश मुझे संगीत सिखाया गया होता। मैंने सिम्फनी लिखी होती। संगीत वह शराब है जो मौन के प्याले

को भर देती है। मानव होने का अर्थ है कुछ करना, सृजन करना, दुनिया को आकार देना, ठीक वैसे ही जैसे यह हमें आकार देता है। मुझे जीवन में काफ़ी ख़ुशियां मिली हैं और मुझे काफ़ी दुःख भी मिला है - यह सब जीवन के कारण ही हुआ है। मुझे अपनी मान्यताएं दूसरों पर थोपने की आदत नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने रास्ते पर चलने दें। जीवन विरोधाभासों और अंतर्विरोधों से भरा है; यही चीज़ इसे एक ही समय में सुंदर और दुखद बनाती है।कला में, जीवन की तरह, प्रामाणिकता सर्वोपरि है। इससे कम कुछ भी केवल नकल है। कलाकार का काम दुनिया को वैसा चित्रित करना नहीं है जैसा वह है, बल्कि जैसा वह इसे देखता है, जैसा वह इसे महसूस करता है, जैसा वह कल्पना करता है कि यह हो सकता है। संगीत आत्मा की आवाज़ है, जो शब्द व्यक्त नहीं कर सकते। संगीत की सुंदरता हमारी भावनाओं की गहराई को छूने और हमारे अंतरतम को झकझोरने की क्षमता में निहित है। मैं जो भी नोट लिखता हूं उसमें मेरे दिल और आत्मा का एक टुकड़ा होता है। सच्ची कला समय और स्थान से परे, मानव अनुभव की गहराई से पैदा होती है। संगीत में, जीवन की तरह, मानव आत्मा क्या हासिल कर सकती है इसकी कोई सीमा नहीं है।

शख्सियत उस्ताद बिस्मिल्लाह खान

प्रसिद्ध भारतीय शहनाई वादक



भारतीय शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान शहनाई की धुन से लोगों को अपना दीवाना बना लेते थे। आज ही के दिन यानी की 21 मार्च को बिस्मिल्लाह खान का जन्म हुआ था। वह गंगा की लहरों के साथ तान मिलाकर शहनाई बजाते थे।

आज यानी की 21 मार्च को भारतीय शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान की बर्थ एनिवर्सरी है। बिस्मिल्लाह खान का बिहार के शाहाबाद में 21 मार्च 1916 को बिस्मिल्लाह खान का जन्म हुआ था। इनका असली नाम कमरूद्दीन खान था और इन्हें उस्ताद नाम से भी पुकारा जाता था। बिस्मिल्लाह खान के परिवार का संगीत से गहरा संबंध था। इनके पिता पैगम्बर बख्श खान एक कोर्ट म्यूजिशियन थे। वह कोर्ट ऑफ महाराजा केशव प्रसाद डुमरांव में काम किया करते थे। इनके परिवार में अधिकतर लोग शहनाई वादक थे। बिस्मिल्लाह के दादा भी शहनाई बजाया करते थे। महज 6 साल की उम्र में वह अपने मामा अली बख्श के साथ शहनाई की शिक्षा के लिए वाराणसी चले गए। बिस्मिल्लाह खान ने स्टेज शो से अपने कॅरियर की शुरूआत की थी। उनको पहला ब्रेक ऑल इंडिया म्यूजिक कॉन्फ्रेंस के दौरान साल 1937 में मिला। इस परफॉर्मेंस के बाद उन्होंने खूब लाइमलाइट और प्रशंसा बटोरी थी। इसके बाद बिस्मिल्लाह खान ने कई देशों में परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने यूएसए, कनाडा, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, वेस्ट अफ्रीका जैसे देशों में शहनाई वादन किया। बिस्मिल्लाह खान शहनाई की धुन से लोगों को अपना दीवाना बना लेते थे। उन्होंने अपने बेहद शानदार कॅरियर के दौरान कई प्रमुख कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। इसमें कान कला महोत्सव, मॉन्ट्रियल में विश्व प्रदर्शनी और ओसाका व्यापार का मेला शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजनेता बाला साहब ठाकरे को भी बिस्मिल्लाह खान ने अपना मुरीद बना लिया था। जब उनकी पहली बार बाला साहब ठाकरे से मुलाकात हुए, तो उन्होंने उस्ताद से शहनाई की धुन में बधैया सुनने की इच्छा जाहिर की। जिसके बाद बिस्मिल्लाह खान ने करीब 40 मिनट तक शहनाई बजाई थी। शहनाई की धुन सुनने के बाद बाला साहब भी उनके मुरीद बन गए थे। बिस्मिल्लाह खान का जीवन बहुत सादा था और वह एक साधारण व्यक्ति थे। बताया जाता है कि गंगा घाट पर वह शहनाई का रियाज किया करते थे और गंगा की लहरों के साथ तान मिलाकर शहनाई बजाते थे। वह इंडिया गेट पर परफॉर्म कर शहीदों को श्रद्धांजलि देना चाहते थे। वहीं 21 अगस्त 2006 को बिस्मिल्लाह खान का कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

व्यक्ति का भाग्य उसके कर्मों से तय होता है

भगवान ने नारद जी से कहा कि आप तो भ्रमण करते रहते हैं। मुझे कोई ऐसी घटना बताओ, जिससे आप भ्रमित हो गए हो। नारद जी बोले प्रभु मैं अभी जंगल से आ रहा हूँ। वहाँ एक गाय



दलदल में फँसी हुई थी उसे बचाने वाला कोई नहीं था। तभी एक चोर वहाँ से गुजरा, वह गाय को फँसा हुआ देखकर भी नही रुका। उलटे उस पर पैर रखकर दलदल पार कर गया। कुछ देर बाद वहाँ से एक बूढ़ा साधु गुजरा। उसने उस गाय को बचाने की पूरी कोशिश की। उसने अपने शरीर की पूरी ताकत लगाकर उस गाय को बचा लिया, लेकिन मैंने देखा कि गाय को दलदल से निकालने के बाद वह साधु आगे जाकर एक गड्ढे में गिर गया और चोटिल हो गया। भगवान बताइए यह कैसा न्याय है। भगवान मुस्कुराए, फिर बोले नारद यह सही है जो चोर गाय पर पैर रखकर भागा था उसके भाग्य में खजाना था, लेकिन अपने पाप के कारण उसे कुछ सिक्के ही मिले। व्यक्ति को सदैव अच्छे कर्मों में लगे रहना चाहिए।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सकारात्मक विचार का महत्व

जलता हुआ दीपक शुभ का प्रतीक है, वहीं जब कभी जलता हुआ कोई दीपक बुझ जाता है तो उसे अशुभ का संकेत माना जाता है और मन भयग्रस्त हो जाता है। वास्तव में जब हम मन से निर्बल होते हैं तो ऐसे नकारात्मक भाव हमें आकर घेर लेते हैं। मन ऐसी विपरीत शंकाओं से घिरकर व्याकुल हो उठता है। हम पर नकारात्मकता हावी होने लगती है। उस समय व्यक्ति किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है, ऐसी परिस्थिति से उबरने के लिए हमें अपने घर का दीपक बनना होगा यानी देना होगा। क्या देना होगा प्रेम देना होगा क्षमा देनी होगी। सहायता देनी होगी ।

जब हम इन मूल्यवान गुणों को स्वयं में आत्मसात करते हैं तो हमारा निजत्व और भी बलशाली हो जाता है और भविष्य में शुभ-अशुभ के संकेतों से ऊपर उठ जाता है। फिर तो नई ऊर्जा के साथ हमार शरीर गतिमान हो जाता है। जब हम सकारात्मकता को हृदय में स्थान देते हैं। सिद्धि हासिल कर लेता है। यह अनमोल उपहार उसे अनायास ही प्राप्त हो जाता है।

अपने विचार

आक्रांता का महिमामंडन करना देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है। और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता है, जो भारत के महापुरुषों को अपमानित करता हो। उन आक्रांताओं को महिमामंडन करता हो जिन आक्रांताओं ने भारत की सनातन संस्कृति को रौंदने का काम किया था।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

"मोदी जी का किसानों से किया गया एमएसपी का वादा हो या आम आदमी पार्टी का दिल्ली में तीन काले क़ानून को फुर्ती से लागू करना हो... इन दोनों पार्टियों ने देश के हमारे अन्नदाता से विश्वासघात किया है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

मुझे लगता है कि यह मामला कोर्ट में चला गया है। हमें नहीं पता कि दिशा के पिता ने क्या कहा है, लेकिन आदित्य ठाकरे एक परिपक्व नेता हैं, भारतीय जनता पार्टी उन पर दबाव डालकर उन्हें बदनाम करने की साजिश कर रही है।

-अंबादास दानवे नेता,शिवसेना

दिल्ली में यमुना मइया को सम्मान मिले ये मेरा मिशन है। इसकी शुरूआत मुझे जीरो से शुरू करनी होगी। इससे पहले वाले सीएम पंजाब से लेकर गोवा की राजनीति करते थे।इसलिए उन्हें कार्यक्रम में आने का मौका नहीं मिलता होगा।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस का आणंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

मुंबई। यात्रियों की सुविधा के लिए 23 मार्च 2025 से प्रतिष्ठित ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को आणंद स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है। इस ठहराव के कारण ट्रेन संख्या 20902 के मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद स्टेशनों पर समय में बदलाव होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, ट्रेन संख्या 20901 सुबह 10:38 बजे आणंद पहुंचेगी और 10:40 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि ट्रेन संख्या 20902 दोपहर 15:30 बजे पहुंचेगी और 15:32 बजे रवाना होगी। इसके चलते अहमदाबाद स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 14:50/15:00 बजे के बजाय 14:45/14:55 बजे होगा और मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर यह ट्रेन 20:25 बजे के बजाय 20:30 बजे पहुंचेगी।

चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

मुंबई। मध्य रेल के स्टेशनों पर चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के समय में संशोधन किया गया है। 18 अप्रैल 2025 से ट्रेन संख्या 20919 चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पुणे में 16:35 बजे के बजाय 11:00 बजे और कल्याण में 19:27 बजे के बजाय 13:22 बजे पहुंचेगी। वहीं, 20 अप्रैल 2025 से ट्रेन संख्या 20953 चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस पुणे में 11:00 बजे के बजाय 16:35 बजे और कल्याण में 13:22 बजे के बजाय 19:27 बजे पहुंचेगी।

महाराष्ट्र में 6 .80 लाख घर तैयार

नई दिल्ली/मुंबई। केंद्र सरकार ने दावा किया है कि महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) के तहत पिछले पांच वर्षों में 6,80,691 लाख आवास बनकर तैयार हुए हैं। इस योजना के तहत राज्य सरकार और केंद्रीय नोडल एजेंसियों को 14,656.31 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। यह जानकारी केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने लोकसभा में भाजपा सांसद नारायण राणे के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री साहू ने बताया कि योजना की शुरुआत से अब तक महाराष्ट्र में 13,64,923 लाख आवासों को मंजूरी दी गई। इनमें से 7,87,148 लाख आवास पिछले पांच वित्त वर्षों (2019-2024) में स्वीकृत हुए। योजना के तहत अब तक 10,90,921 लाख आवास निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 7,81,708 लाख आवास पिछले पांच वर्षों में निर्माणाधीन हुए। इसके अलावा, अब तक 8,85,892 लाख घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनमें से 6,80,691 लाख घर पिछले पांच वर्षों में बने हैं।

मध्य रेलवे चलाएगा 332 समर वेकेशन स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता I मुंबई

मुंबई। ग्रीष्मकालीन छुट्टियाँ शुरू होने और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, मध्य रेल ने यात्रियों की अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई-नागपुर/कर्माली/तिरुवनंतपुरम, पुणे-नागपुर और दौंड-कलबुरगि के बीच 332 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है।

दौंड-कलबुर्गी अनारक्षित विशेष

दौंड-कलबुर्गी अनारक्षित विशेष द्वि-साप्ताहिक ट्रेन (52 सेवा) 3 अप्रैल 2025 से 29 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार और रविवार को चलेगी, जिसमें ट्रेन संख्या 01425 सुबह 05:00 बजे दौंड से रवाना होकर 11:20 बजे कलबुर्गी पहुंचेगी, और ट्रेन संख्या 01426 रात 20:30 बजे कलबुर्गी से रवाना होकर अगले दिन 02:30 बजे दौंड पहुंचेगी। इन ट्रेनों में 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन होंगी। इनका ठहराव भिगवन, पारेवाडी, जेउर, केम, कुर्दुवाड़ी, माढा, मोहोल, सोलापुर, टिकेकरवाड़ी, होटगी, अक्कलकोट रोड, बोरोटी, दुधनी और गाणगापुर स्टेशनों पर होगा।

सीएसएमटी-नागपुर-सीएसएमटी द्वि-साप्ताहिक विशेष

सीएसएमटी-नागपुर-सीएसएमटी द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन (50 सेवा) 6 अप्रैल 2025 से 29 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार और रविवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 02139 सीएसएमटी से 00:20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 15:30 बजे नागपुर पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 02140 नागपुर से 20:00 बजे रवाना होकर अगले दिन 13:30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। प्रत्येक ट्रेन में एक वातानुकूलित-2 टियर, 5 वातानुकूलित-3 टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन होंगी। इस ट्रेन का ठहराव दादर (केवल 02139), ठाणे, कल्याण, इगतपुरी (केवल 02140), नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मुर्तिजापुर, बडनेरा, धामनगांव और वर्धा स्टेशनों पर होगा।

सीएसएमटी-करमाली-सीएसएमटी साप्ताहिक विशेष

सीएसएमटी-करमाली-सीएसएमटी साप्ताहिक विशेष ट्रेन (18 सेवा) 10 अप्रैल 2025 से 5 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को संचालित होगी। ट्रेन संख्या 01151 सीएसएमटी से 00:20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13:30 बजे करमाली पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 01152 करमाली से 14:15 बजे रवाना होकर अगले दिन 03:45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। प्रत्येक ट्रेन में एक वातानुकूलित-2 टियर, 5 वातानुकूलित-3 टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन होंगी। इस ट्रेन का ठहराव दादर, ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलवडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिविम स्टेशनों पर होगा।

एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ -एलटीटी साप्ताहिक विशेष

एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-एलटीटी साप्ताहिक विशेष ट्रेन (18 सेवा) 3 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक संचालित होगी। ट्रेन संख्या 01063 प्रत्येक गुरुवार को 16:00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान कर अगले दिन 22:45 बजे तिरुवनंतपुरम नॉर्थ पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 01064 प्रत्येक शनिवार को 16:20 बजे तिरुवनंतपुरम नॉर्थ से रवाना होकर तीसरे दिन 00:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। प्रत्येक ट्रेन में एक वातानुकूलित-2 टियर, छह वातानुकूलित-3 टियर, 9 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार होगी। इस ट्रेन का ठहराव ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव जंक्शन, कारवार, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुर्डेश्वर, भटकल, मूकाम्बिका रोड बैंदूर, कुंदापुरा, उडुपी, सूरतकल, मंगलुरु जंक्शन, कासरगोड, कणणुर, कालीकट, तिरुर, शोरानूर, त्रिशूर, एर्नाकुलम टाउन, कोट्टायम, चंगनाशिरी, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्कारु, कायमकुलम और कोल्लम स्टेशनों पर होगा।

एलटीटी- करमाली-एलटीटी साप्ताहिक विशेष

एलटीटी-करमाली-एलटीटी साप्ताहिक विशेष ट्रेन (18 सेवा) 10 अप्रैल 2025 से 6 जून 2025 तक संचालित होगी। ट्रेन संख्या 01129 प्रत्येक गुरुवार को 22:15 बजे एलटीटी से प्रस्थान कर अगले दिन 12:00 बजे करमाली पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 01130 प्रत्येक शुक्रवार को 14:30 बजे करमाली से रवाना होकर अगले दिन 04:05 बजे एलटीटी पहुंचेगी। प्रत्येक ट्रेन में एक प्रथम वातानुकूलित, दो वातानुकूलित 2-टियर, छह वातानुकूलित 3-टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 2 जेनरेटर कार और 1 पेंट्री कार (लॉक स्थिति में) होगी। इस ट्रेन का ठहराव ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिविम स्टेशनों पर होगा।

पुणे - नागपुर - पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी विशेष

पुणे-नागपुर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी विशेष ट्रेन (24 सेवा) 8 अप्रैल 2025 से 25 जून 2025 तक संचालित होगी। ट्रेन संख्या 01469 प्रत्येक मंगलवार को 15:50 बजे पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन 06:30 बजे नागपुर पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 01470 प्रत्येक बुधवार को 08:00 बजे नागपुर से रवाना होकर उसी दिन 23:30 बजे पुणे पहुंचेगी। प्रत्येक ट्रेन में तीन वातानुकूलित-2 टियर, 15 वातानुकूलित-3 टियर, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन होगी।

पुणे - नागपुर - पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष

पुणे-नागपुर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (24 सेवा) 9 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को संचालित होगी। ट्रेन संख्या 01467 प्रत्येक बुधवार को 15:50 बजे पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन 06:30 बजे नागपुर पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 01468 प्रत्येक गुरुवार को 08:00 बजे नागपुर से रवाना होकर उसी दिन 23:30 बजे पुणे पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01469 प्रत्येक मंगलवार को और 01470 प्रत्येक बुधवार को इसी समय सारिणी के अनुसार संचालित होगी। प्रत्येक ट्रेन में एक प्रथम वातानुकूलित, एक वातानुकूलित 2-टियर, दो वातानुकूलित 3-टियर, 5 शयनयान श्रेणी, 6 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन होंगी। इन ट्रेनों का ठहराव उरुली, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, बडनेरा, धामनगांव और वर्धा स्टेशनों पर होगा।

भिवंडी में चौथे मियावाकी पार्क में वृक्षारोपण संपन्न

पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस जंगल की नई पहल

डीबीडी संवाददाता I भिवंडी

शहर में तेजी से बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को सुधारने के उद्देश्य से भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका ने जापानी मियावाकी तकनीक के तहत चौथे पार्क की स्थापना की है।

म्हाडा कॉलोनी के स्वास्थ्य केंद्र के समीप खाली भूमि पर इस पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

आयुक्त ने किया वृक्षारोपण का शुभारंभ

मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने इस पार्क में एक पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस परियोजना को अहमदाबाद स्थित कैच फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार, विट्ठल डाके, कैच फाउंडेशन के अध्यक्ष भरत सिसौदिया, भारत पीराम एवं वैक्सीन लि. कंपनी, मुंबई के अपूर्व पवार, उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, शहर नियोजन विभाग के सहायक निदेशक ए. एच. साबले, उद्यान अधीक्षक नीलेश सांखे, सहायक आयुक्त बलराम जाधव, जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी सहित मनपा के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन ने 61 महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

डीबीडी संवाददाता I मुंबई

पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा क्षमा मिश्र, उपाध्यक्षा कमलेश बुटानी और सचिव मीता श्रीवास्तव ने 20 मार्च 2025 को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में पश्चिम रेलवे की 61 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में संगठन के कार्यकारी सदस्यों की उपस्थिति रही।

रेलवे कर्मचारियों के लिए नई स्वास्थ्य सुविधा

अभिषेक ने यह भी बताया कि पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए हमेशा सक्रिय रहता है। इसी उद्देश्य से, मिश्र ने रेलवे कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुंबई सेंट्रल स्थित जगजीवन राम अस्पताल को 12-चैनल ईसीजी मशीन दान की।

मेरिट सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार से सम्मानित

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों, कारखानों और मुख्यालय के सभी विभागों की 61 महिला कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए मेरिट सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्षमा मिश्र ने सभी विजेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये महिलाएं अन्य महिला रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

महाराष्ट्र में रोजाना 23,304 टन ठोस कचरा, 94% का होता है प्रसंस्करण

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत महाराष्ट्र को 1438 करोड़ रुपए आवंटित

डीबीडी संवाददाता I मुंबई

महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्रों में हर दिन 23,304 टन ठोस अपशिष्ट (कचरा) उत्पन्न होता है, लेकिन राहत की बात यह है कि इस कचरे का 94% भाग प्रोसेस किया जाता है। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमण्णा ने लोकसभा में शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद श्रीकांत शिंदे, नरेश म्हस्के और रविंद्र वायकर के सवाल के लिखित जवाब में दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान

मंत्री सोमण्णा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) 2.0 के तहत महाराष्ट्र को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) के लिए 1438.10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 273.28 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य सभी शहरों को खुले में शौच मुक्त (ODF) बनाना और कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण को बढ़ावा देना था। 1 अक्टूबर 2021 को मिशन के दूसरे चरण की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य घर-घर से कचरा संग्रहण, जैविक और अजैविक कचरे का पृथक्करण, और वैज्ञानिक लैंडफिल में कचरे का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना है। महाराष्ट्र में कचरा प्रबंधन को लेकर किए जा रहे प्रयासों के चलते शहरों को अधिक स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से की रक्तदान की अपील

डीबीडी संवाददाता I ठाणे

रक्तदान को महादान माना जाता है, क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा दान किए गए रक्त के आवश्यक घटकों से पांच लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की है।

जिला अधिकारियों ने किया नागरिकों को प्रेरित

ठाणे जिला अधिकारी अशोक शिनगारे, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे और जिला सूचना अधिकारी मनोज सानप ने संयुक्त रूप से नागरिकों से रक्तदान करने और जरूरतमंद मरीजों की मदद करने का आग्रह किया।

युवाओं और संगठनों से स्वेच्छा से भाग लेने की अपील

अधिकारियों ने विशेष रूप से कॉलेज के युवाओं, गैर-सरकारी संगठनों और इच्छुक रक्तदाताओं से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके समाज और राष्ट्र की सेवा में योगदान दिया जा सकता है। यदि कोई रक्तदान शिविर आयोजित करना चाहता है, तो वह ठाणे जिला प्रशासन के माध्यम से जिला रक्त अधिकारी गिरीश चौधरी (मो. 9869685282) से संपर्क कर सकता है।

महाराष्ट्र में चल रहीं 4,446 करोड़ की 43 जलापूर्ति परियोजनाएं

अमृत 2.0 के तहत प्रदेश में 15 हजार करोड़ के प्रकल्प मंजूर

डीबीडी संवाददाता I मुंबई/नई दिल्ली

केन्द्र सरकार की अमृत मिशन योजना के तहत महाराष्ट्र में 4,446 करोड़ रूपये की लागत की 43 जलापूर्ति परियोजनाएं शुरू की गई हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत और महाराष्ट्र के साथ समन्वय में 11.73 लाख नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और राज्य में 445.7 एमएलडी जल शोधन क्षमता सृजित की गई है। साहू ने गुरूवार को लोकसभा में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, रवीन्द्र वायकर और नरेश म्हस्के द्वारा पूछे सवाल के लिखित जवाब में बताया कि अमृत मिशन के अंतर्गत देश में अब तक 43,430 करोड़ रूपये की लागत वाली 1,405 परियोजनाएं शुरू की जा चुकी हैं। अमृत मिशन के अंतर्गत तथा राज्यों के साथ मिलकर 189 लाख नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा 4,734 एमएलडी जल शोधन क्षमता सृजित की गई है।

प्रदेश की 96 जलाशय परियोजनाओं को भी मिली हरी झंडी

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत अब तक आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 1,14,220 करोड़ रूपये की लागत वाली 3,568 जलापूर्ति परियोजनाओं और 6,209 करोड़ रूपये की लागत वाली 3,032 जलाशय पुनरूद्धार परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 के तहत मंत्रालय ने महाराष्ट्र में अब तक 15,776 करोड़ रूपये की लागत वाली 117 जलापूर्ति परियोजनाओं को अनुमोदित किया है।

महाराष्ट्र के पारंपरिक हस्तशिल्प और कला को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार संजीदा

डीबीडी संवाददाता I नई दिल्ली/मुंबई

केंद्र सरकार महाराष्ट्र की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल के सवाल के लिखित जवाब में बताया कि केंद्र ने वारली पेंटिंग, पैठणी साड़ी, कोल्हापुरी चप्पल, हुपारी सिल्वर क्राफ्ट, सावंतवाड़ी लकड़ी के खिलौने, कोल्हापुरी साज, तानपुरा और सितार (वाद्य यंत्र) को राज्य की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प विरासत के रूप में पहचान दी है। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (NHDP) और समग्र हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (CHCDS) के तहत महाराष्ट्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वर्ष 2022-23 में 83 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे 3990 कलाकारों को लाभ मिला। इन कार्यक्रमों के लिए 326.58 लाख रुपये स्वीकृत हुए, जिनमें से 265.78 लाख रुपये जारी किए गए।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

वृष विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

मिथुन यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी।

कर्क चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा।

सिंह राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

कन्या मेहनत का फल मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

तुला बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

धनु कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

मकर किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी।

कुंभ संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी।

मीन बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें।

शादी में रुकावट दूर करने के कुछ चमत्कारिक उपाय -

भाग-3



प्रियंका जैन
9769994439

"यह प्रयोग एक मास करना चाहिए। गणेशजी पर चढ़ये गये दूर्वा लड़की के पिता अपने जेब में दायीं तरफ लेकर लड़के के यहाँ विवाह वार्ता के लिए जायें।

विवाह योग्य लोगों को प्रत्येक गुरूवार को नहाने वाले पानी में एक चुटकी हल्दी डालकर स्नान करना चाहिए।केसर का भी प्रयोग करना चाहिए।

यदि ऐसे लोग गुरूवार को गाय को भोग अर्थात दो आटे के पेड़े पर थोड़ी हल्दी लगाकर थोडा गुड तथा चने की गीली दाल का भोग देना चाहिए।

यदि मंगल दोष के कारण बेटी के विवाह में बाधा हो तो उसे मकान के वायव्य कोण में सोना चाहिए।

यदि किसी कन्या की पत्रिका में मंगली योग होने के कारण विवाह में बाधा आ रही है तो व कन्या मंगल चंडिका स्त्रोत का मंगलवार तथा शनिवार को सुंदर काण्ड का पाठ करे ।इससे भी विवाह बाधा दूर होती है।

शुक्रवार की रात्रि में आठ छुआरे जल में उबाल कर जल के साथ ही अपने सोने वाले स्थान पर सिरहाने रख कर सोयें तथा शनिवार को प्रातःस्नान करने के बाद किसी बहते जल में प्रवाहित कर दें।यह प्रयोग भी चमत्कारी है।

शीघ्र विवाह के लिए सोमवार को 1200 ग्राम चने की दाल व सवा लीटर कच्चा दूध दान करें। जब तक विवाह न हो ,तब तक यह प्रयोग करते रहना है। इस प्रयोग में आपका विवाह होना आवशयक है।

लड़की के पिता जब जब लड़के वाले के यहाँ विवाह प्रस्ताव लेकर जाए तो लड़की अपनी चोटी खुली रखे और जब तक पिता लौटकर घर न आ जाए तब तक चोटी नहीं बाँधनी चाहिए।

मांगलिक लड़की को अपनी शादी के लिए मंगल यंत्र की पूजा करनी चाहिए।

अगर लड़की गुरुवार को अपने तकिए के नीचे हल्दी की गांठ पीले वस्त्र में लपेट कर रखें तो विवाह में आ रही परेशानियां खत्म हो जाएगी।

मांगलिक वर-वधु हेतु उपाय

यदि आप मांगलिक हैं तथा विवाह में बाधाएं आ रही है तो हर मंगलवार को सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर चंडिका स्त्रोत का पाठ करना चाहिए शीघ्र विवाह होता है।

यदि आप मांगलिक है तो प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ नियमित करना चाहिए ऐसा करने से विवाह का योग शीघ्र बनता है ।

:- मांगलिक लड़के या लड़की को अपने कमरे के दरवाजे पर गुलाबी या लाल रंग का गुलाल रखना चाहिए ऐसा करने से विवाह का योग बनता है ।

मंगलवार को हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी को सिंदूर लगाएं तथा देसी घी का दीपक जलाना चाहिए इससे विवाह शीघ्र होता है।

यदि मांगलिक होने के कारण कन्या के विवाह में बाधायें उत्पन्न हो रही हो तो प्रत्येक मंगलवार को श्री मंगल चंडिका स्त्रोत का पाठ करना चाहिए तथा लाल मूंगे की माला से ॐ श्री क्ली सूर्य पूज्य देवी मंगल चण्डिके हूँ फट् स्वाहः मंत्र का जाप करना चाहिए।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

गाजीपुर। गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के लिंक मार्ग से बृहस्पतिवार को घर जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी और पुत्र की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुट गए।

मसूरी जॉर्ज एवरेस्ट पार्क पर नहीं देना होगा टोल टैक्स

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी स्थित प्रसिद्ध जॉर्ज एवरेस्ट में हो रही टोल टैक्स वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने यह आदेश लीज शर्तों के उल्लंघन और आम रास्ते से टोल टैक्स वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। मुख्य न्यायाधीश जी। नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने अधिवक्ता विनीता नेगी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की और यह निर्देश दिए।याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (UTDB) ने 142 एकड़ भूमि को उत्तर प्रदेश की एक संस्था को एक करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की दर पर लीज पर दिया है। इसके चलते स्थानीय लोगों और पर्यटन कारोबारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में कहा गया कि वर्षों पुरानी सार्वजनिक सड़क पर अवैध रूप से टोल वसूली की जा रही है। इसके अलावा, हेलीपैड, हट्स, कैफे, संग्रहालय और वेधशाला को भी लीज पर दिए जाने पर सवाल उठाया गया है।

याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि लीजधारक कंपनी द्वारा पर्यटकों के लिए हेली सेवा चलाई जा रही है, जबकि यह क्षेत्र वन्य जीव अभ्यारण्य से सटा हुआ है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो सकता है।

कंपनी की ओर से दलील दी गई कि जिस सड़क पर टोल वसूला जा रहा है, वह सार्वजनिक नहीं है। हालांकि, अदालत ने फिलहाल टोल वसूली पर रोक लगा दी है, लेकिन प्रवेश शुल्क जारी रखने की अनुमति दी है। अदालत ने पर्यटन विकास परिषद द्वारा लीज देने के फैसले की कॉपी और अनुबंध के मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से साइबर ठगी की कोशिश

रांची। प्रोफाइल बदलकर वीआईपी और आम लोगों के साथ साइबर अपराधी लगातार ठगी का प्रयास कर रहे हैं। जिसमें सफल भी हो रहा है। लेकिन इस बार तो साइबर अपराधियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की रवि कुमार के नाम पर उनके बेटे और कुछ करीबीओं से ठगी का प्रयास कर डाला। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से साइबर ठगी का प्रयास किया गया है। मामले को लेकर के रवि कुमार के द्वारा रांची के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा यह बताया गया है कि साइबर ठगों ने उनकी तस्वीर व्हाट्सएप के डीपी में लगाकर उनके कुछ परिचितों को मैसेज भेजा और उनसे विभिन्न तरह के कारण बताकर 50-50 हजार रुपए मांगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कुछ परिचितों ने जब उनसे संपर्क कर इसकी जानकारी दी तब उन्हें यह पता चला कि उनकी डीपी लगाकर साइबर अपराधी उनके करीबियों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने रांची के साइबर थाना में कम्प्लेन दर्ज करवाई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की कंप्लेंट के बाद साइबर क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। अब तक जो जानकारी मिली है जिस नंबर से ठगी का प्रयास किया गया था वह श्रीलंका का नंबर है।

यूपी में फर्जी मार्कशीट की सबसे बड़ी दुकान

- 4 साल में 8000 डिग्रियां बेचीं
- रेट- 2.5 लाख, कॉलेज जाना न यूनिवर्सिटी

एजेंसी । लखनऊ

जिले में ऑन डिमांड हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन और अन्य प्रोफेशनल कोर्स की फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने का खेल चल रहा था। यूपी एसटीएफ की आगरा यूनिट ने गुरुवार को ऑन डिमांड फर्जी मार्कशीट बनाने वाले सरगना को दबोचा है। टीम ने आरोपी के कब्जे से बड़ी संख्या में अलग-अलग शिक्षक संस्थान और कॉलेजों की फर्जी मार्कशीट व ब्लैंक मार्कशीट बरामद की है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का दावा है कि आरोपी अब तक देश की अलग-अलग यूनिवर्सिटी की मार्कशीट व डिग्री बनाकर ढाई लाख रुपये में दे देता था। चार साल में करीब 8000 से ज्यादा फर्जी मार्कशीट बनाकर बेच चुका है। आरोपी से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी के खिलाफ शाहगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जैसी डिग्री और डिप्लोमा, वैसा ही मार्कशीट का दाम

एसटीएफ को मिलीं 1046 मार्कशीटें

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी धनेश मिश्रा के पास से 1046 मार्कशीट मिली हैं। जिसमें 942 फर्जी मार्कशीट हैं। इसके बाद बाकी मार्कशीट खाली हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने खुलासा किया है कि चार यूनिवर्सिटी से टाईअप था। आगरा से स्टूडेंट के फार्म भरवाता था।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी धनेश मिश्रा ने कई चौंकाने वाली बातें बताई हैं। आरोपी का कहना कि डिप्लोमा, डिग्री कोर्स के हिसाब से मार्कशीट और डिग्री का रेट तय था। बी फार्मा, डी फार्मा, एमबीए की मार्कशीट और डिग्री को दो से ढाई लाख रुपये में तैयार करके देता था। इसके साथ ही बीए, बीएससी, बीकॉम, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की फर्जी मार्कशीट बनाकर देने के लिए 20 से 50 हजार रुपये लेता था। आरोपी से मार्कशीट बनवाने वाले लोगों के साथ ही अन्य का रिकॉर्ड बरामद किया है, जिसकी जांच की जाएगी। एसटीएफ टीम की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि देश के अलग-अलग प्रदेश में युवाओं को उसने फर्जी मार्कशीट दी है। जिनसे करीब 300 से अधिक युवा तो अलग-अलग संस्थानों में सरकारी नौकरी कर रहे हैं। आरोपी से पूछताछ और उससे जब्त रिकॉर्ड के आधार पर एसटीएफ अब ऐसे लोगों के नाम की सूची बना रही है, जिससे उन राज्यों की पुलिस से उनके नाम और फर्जीवाड़ा से नौकरी के बारे में जानकारी दी जा सके।

एक दुकान से पकड़ा गया आरोपी

एसटीएफ की आगरा यूनिट में प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि लगातार फर्जी मार्कशीट बनाए जाने की शिकायत मिल रही थी। जिसकी टीम छानबीन कर रही थी। टीम को सूचना मिली कि शाहगंज थाना क्षेत्र में अर्जुन नगर गेट के पास एक व्यक्ति नकली मार्कशीट बनाने का काम करता है, जिस पर एसटीएफ टीम ने छापा मारा। उन्होंने बताया कि मार्केट में एक दुकान से धनेश मिश्रा को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की और दुकान की तलाशी में बड़ी मात्रा में फर्जी मार्कशीट मिली हैं, जो हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन और अन्य प्रोफेशनल कोर्स की हैं। इसके साथ ही बडी संख्या में अलग-अलग यूनिवर्सिटी की ब्लैंक मार्कशीट भी मिली हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी धनेश मिश्रा से पूछताछ की गई है। जिसमें उसने खुलासा किया है कि चार साल से फर्जी मार्कशीट बनाने का काम कर रहा है। देशभर की अधिकांश प्राइवेट यूनिवर्सिटी की फर्जी मार्कशीट बनाकर बेचता है।

कुख्यात अपराधी मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को मिली मंजूरी

- एटीएस एसपी अजरबैजान से लाएंगे भारत

एजेंसी । रांची

झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा के अजरबैजान से भारत लाने का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। अजरबैजान ने मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। मयंक फिलहाल अजरबैजान के बाकू जेल में बंद है।

एटीएस एसपी के साथ टीम मयंक को लाने जाएगी अजरबैजान

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड एटीएस के एसपी के नेतृत्व में झारखंड पुलिस की एक टीम जल्द ही अजरबैजान जाएगी और फिर उसे भारत लाकर अदालत में पेश कर उसे सजा दिलाया जाएगा। डीजीपी ने बताया की एटीएस की टीम को अजरबैजान भेजने के लिए झारखंड सरकार से अनुमति लेनी है। उसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमति प्राप्त होते ही एटीएस की टीम अजरबैजान के लिए निकल जाएगी।

अजरबैजान से है भारत का प्रत्यर्पण संधि

बता दे की अजरबैजान देश के साथ भारत का प्रत्यर्पण संधि पहले से है। जिसका फायदा मयंक सिंह के केस में मिला है। डीजीपी ने बताया कि विदेश में बैठकर झारखंड में आतंक मचा रहे अपराधियों के खिलाफ यह बड़ी सफलता है। ऐसे हर अपराधी को भारत लाकर उन्हें अदालत से सजा दिलाई जाएगी, जिसमे प्रिंस खान भी शामिल है।

झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी

झारखंड पुलिस ने अपने मोस्ट वांटेड क्रिमिनल मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर भारत लाने की हर कठिनाई को पार कर लिया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से झारखंड पुलिस ने यह कामयाबी पाई है। झारखंड एटीएस के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों और इंटरपोल के माध्यम से पुख्ता दस्तावेजों और सबूत के आधार पर अजरबैजान की बाकू की उच्च अदालत ने भी मयंक सिंह को कुख्यात अपराधी स्वीकार करते हुए उसके प्रत्यार्पण को मंजूरी दे दी है। इससे पहले झारखंड एटीएस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी थी, जब बाकू की निचली अदालत के द्वारा मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को हरी झंडी दी गई थी। अजरबैजान के कानून के अनुसार मयंक सिंह को ऊपरी अदालत में अपील करने का मौका भी दिया गया था, लेकिन उच्च अदालत ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। फिलहाल मयंक सिंह अजरबैजान की राजधानी के बाकू स्थित एक जेल में बंद है।

राहुल गांधी मानहानि मामले में सुनवाई टली

होली मिलन कार्यक्रम के कारण अदालत में कार्यवाही नहीं हो सकी

एजेंसी । सुल्तानपुर

कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को टल गई। सुल्तानपुर की MP/MLA विशेष कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन दीवानी न्यायालय में होली मिलन कार्यक्रम के चलते अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। अदालत ने अब इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 03 अप्रैल तय की है, जहां राहुल गांधी के अधिवक्ता अगले गवाह से जिरह करेंगे।

2018 में दर्ज हुआ था मानहानि का मामला

यह मामला भाजपा नेता विजय मिश्रा द्वारा 2018 में दाखिल मानहानि परिवाद से जुड़ा है। उनका आरोप था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे वह आहत हुए। मामला MP/MLA कोर्ट में पांच साल तक चला, लेकिन राहुल गांधी पेश नहीं हुए। दिसंबर 2023 में अदालत ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया, जिसके बाद उन्होंने फरवरी 2024 में कोर्ट में सरेंडर किया और 25-25 हजार के मुचलके पर जमानत मिली।

अब 3 अप्रैल को होगी सुनवाई

11 फरवरी को कोर्ट में जिरह शुरू हुई, लेकिन अगले गवाह से जिरह के लिए नई तारीख दी जा रही है। गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम के कारण कार्यवाही नहीं हो सकी, जिसके चलते अदालत ने अब अगली सुनवाई 3 अप्रैल 2024 को तय की है।

लगातार टल रही है सुनवाई

राहुल गांधी ने 26 जुलाई 2023 को कोर्ट में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। इसके बाद वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष 2 जनवरी को जिरह पूरी नहीं हो पाई, जिसके बाद 10 जनवरी और 22 जनवरी की तारीख तय हुई, लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सुनवाई टलती रही। 30 जनवरी को भी जिरह नहीं हो सकी, क्योंकि राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला अस्वस्थ थे।

चारधाम यात्रा में शुरू होगा टोकन सिस्टम

- क्राउड होगा मैनेज, लंबी लाइनों से मिलेगी निजात

देहरादून। उत्तराखंड चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होने वाली है। आज से चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिये गये हैं। इसके साथ ही इस बार चारधाम यात्रा के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस बार चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टोकन सिस्टम शुरू किया जाएगा। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया इस बार यात्रा के दौरान जो भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे उन्हें एक टोकन दिया जाएगा। टोकन सिस्टम से ही श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति मिलेगी। श्रद्धालुओं को आसानी से और सुविधाजनक दर्शन करवाए जा सकें इसके लिए इसे शुरू किया गया है। सभी श्रद्धालुओं को टोकन देने के साथ ही उन्हें दर्शन का भी समय बताया जाएगा। धाम में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए टोकन सिस्टम शुरू किया जा रहा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कई बार ऐसा देखा गया है कि अचानक से चार धाम के मंदिरों में भीड़ अत्यधिक इकट्ठी हो जाती है, टोकन सिस्टम शुरू करने से वही लोग धाम की तरफ जा पाएंगे जिनको टोकन प्राप्त हो जाएगा।

फार्म -4

(नियम 8 देखें)

समाचारपत्र केन्द्रीय विनियमन नियम 1956, नियम सं. धारा 8 के अंतर्गत दैनिक 'दो बजे दोपहर' समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के संबंध में विवरण।

1) प्रकाशन स्थान	: मुंबई
2) प्रकाशन अवधि	: दैनिक
3) मुद्रक का नाम	: अरुण लाल
राष्ट्रीयता	: भारतीय
पता	: गिरधर भवन, रूम नंबर 105, रोड नंबर 21/16, गुप्ता ऑयल डेपो के पास, किसननगर नंबर 02, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400604
(यदि विदेशी है, तो मूल देश)	: लागू नहीं
4) प्रकाशक का नाम	: अरुण लाल
राष्ट्रीयता	: भारतीय
पता	: गिरधर भवन, रूम नंबर 105, रोड नंबर 21/16, गुप्ता ऑयल डेपो के पास, किसननगर नंबर 02, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400604
(यदि विदेशी है, तो मूल देश)	: लागू नहीं
5) संपादक का नाम	: अरुण लाल
राष्ट्रीयता	: भारतीय
पता	: गिरधर भवन, रूम नंबर 105, रोड नंबर 21/16, गुप्ता ऑयल डेपो के पास, किसननगर नंबर 02, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400604
(यदि विदेशी है, तो मूल देश)	: लागू नहीं
6) समाचार पत्र के स्वामी व्यक्तियों और कुल पूंजी का एक प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाले शेयरधारकों के नाम और पते	: माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. पता-गिरधर भवन, रूम नंबर 105, रोड नंबर 21/16, गुप्ता ऑयल डेपो के पास, किसननगर नंबर 02, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400604

मैं, अरुण लाल, एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा ऊपर दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और सत्य हैं।

/-
अरुण लाल
प्रकाशक के हस्ताक्षर

मुंबई
दिनांक-21 मार्च 2025

व्यापार जगत

कॉरपोरेट मंत्रालय ने दूसरा ओपन हाउस किया आयोजित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने दूसरा कैंडिडेट ओपन हाउस आयोजित किया। इसका उद्देश्य पात्र उम्मीदवारों को आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना और उनकी शंकाओं का समाधान करना था। मंत्रालय ने इसे पारदर्शिता और सुलभता को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया।

उम्मीदवारों को आवेदन प्रक्रिया में मिली सहायता

मंत्रालय ने 19 मार्च, 2025 को दूसरा ओपन हाउस आयोजित किया, जहां इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा हुई। इसमें पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, चयन पद्धति और इंटर्न को मिलने वाले लाभों पर जानकारी दी गई। मंत्रालय के अनुसार, 340 से अधिक प्रश्न पहले ही एकत्र किए गए थे, जिन्हें ई-मेल के जरिए प्राप्त कर सत्र में संबोधित किया गया। इससे उम्मीदवारों को अपने सवालों के जवाब मंत्रालय के अधिकारियों से सीधे प्राप्त करने का अवसर मिला।

वरिष्ठ अधिकारियों ने दिए जवाब

इस ओपन हाउस में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उप-निदेशक नितिन फर्त्याल, परियोजना के तकनीकी भागीदार बीआईएसएजी के प्रतिनिधि और परियोजना प्रबंधन टीम के सदस्य शामिल रहे। चयन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों से जुड़े सवालों के जवाब दिए गए।

हर हफ्ते आयोजित होगा ओपन हाउस

मंत्रालय ने घोषणा की कि अब हर हफ्ते यह ओपन हाउस आयोजित किया जाएगा, जिससे उम्मीदवारों को वास्तविक समय में उनके सवालों के जवाब मिल सकें। यह पहल देशभर के उम्मीदवारों तक पहुंचने, पारदर्शिता बनाए रखने और एक सहज आवेदन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है।

सेंसेक्स 899 अंक चढ़कर 76,348 पर बंद

मुंबई। 20 मार्च को सेंसेक्स 899 अंक (+1.19%) की तेजी रही, ये 76,348 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 283 अंक (+1.24%) चढ़कर 23,190 के स्तर पर बंद हुआ। NSE के सभी 19 सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान बंद हुए। आईटी और ऑटो शेयर सबसे ज्यादा चढ़े हैं। निफ्टी ऑटो में 1.42% की तेजी रही। FMCG, मीडिया, रियल्टी और मेटल इंडेक्स में भी 1% से ज्यादा की तेजी रही। बैंकिंग इंडेक्स 0.72% चढा।

बाजार में तेजी के 3 कारण

पॉजिटिव संकेत: अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने 2025 के अंत तक ब्याज दर में दो बार कटौती के अपने अनुमान को बरकरार रखा है। ये ग्लोबल मार्केट के लिए पॉजिटिव संकेत है। 19 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 0.92% चढ़कर 41,964 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 1.41% और S&P 500 इंडेक्स में 1.08% की बढ़त रही।

बाइंग मोमेंटम: अक्टूबर 2024 से फरवरी तक निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ था। ये 5 महीने में 12% गिरा था। इस गिरावट के बाद टाटा मोटर्स, रिलायंस और इंफोसिस जैसे अच्छे फंडामेंटल वाले काफी सारे शेयर सस्ते में मिल रहे हैं। टाटा मोटर्स अपने पीक से 40% गिर चुका है। इंफोसिस में 20% की गिरावट आई है। ऐसे में निवेशक खरीदारी कर रहे हैं।

पॉजिटिव इकोनॉमिक डेटा: वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.2% की दर से बढ़ी है। वहीं रिटेल महंगाई फरवरी में 3.61% रही, जो जनवरी में 4.26% थी। इसके अलावा इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IIP) जनवरी में 5% बढ़ा, जो उसके पहले महीने में 3.2% था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये डेटा इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव है।

अप्रैल से BMW कारों की कीमतों में 3% तक बढ़ोतरी

- बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड के वाहनों पर पड़ेगा असर

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने घोषणा की है कि वह अप्रैल 2025 से बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की कीमतों में 3% तक की बढ़ोतरी करेगा। यह इस साल दूसरी बार है जब कंपनी अपने वाहनों की कीमतें बढ़ा रही है।

अन्य कंपनियां भी बढ़ा रहीं हैं कीमतें

इससे पहले, मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, होंडा कार्स और रेनॉल्ट इंडिया जैसी कंपनियों ने भी बढ़ती लागत का हवाला देते हुए अप्रैल से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की। आज ही, रेनॉल्ट इंडिया ने अपने सभी मॉडलों के दाम 2% तक बढ़ाने का ऐलान किया था। बीएमडब्ल्यू ग्रुप की नई कीमतें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी।

किन मॉडलों पर होगा असर?

बीएमडब्ल्यू ग्रुप द्वारा जारी बयान के अनुसार, बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, बीएमडब्ल्यू X1, X3 और X5 सहित X सीरीज के कई लग्जरी मॉडल इस मूल्य वृद्धि से प्रभावित होंगे।

आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक किया नियुक्त

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है। भट्टाचार्य 19 मार्च 2025 से अपना कार्यभार संभाल चुके हैं और वे आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग का नेतृत्व करेंगे। आरबीआई के अनुसार, इंद्रनील भट्टाचार्य इससे पहले मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। करीब तीन दशकों के करियर में, उन्होंने मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों से जुड़े विभिन्न विभागों में काम किया है। भट्टाचार्य ने 2009 से 2014 तक कतर सेंट्रल बैंक, दोहा में आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। उनकी शोध रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक नीति, वित्तीय बाजार, बाजार संरचना और राजकोषीय नीति से जुड़ी हुई है। भट्टाचार्य ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। उनकी नियुक्ति से आरबीआई को मौद्रिक नीति और आर्थिक अनुसंधान में एक अनुभवी नेतृत्व मिलेगा।

न्यूज़ ब्रीफ

एशियाई तैराकी चैंपियनशिप अहमदाबाद में

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत एक से 15 अक्तूबर तक अहमदाबाद के नारनपुरा खेल परिसर में 11वीं एशियाई तैराकी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। जापान और दक्षिण कोरिया के तैराकों के महाद्वीपीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जो देश में इस प्रतियोगिता का पहला चरण होगा। एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने कहा, हमें गुजरात सरकार और एशिया एक्वेटिक्स से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। समझौता पत्र अपने शुरुआती चरण में है। मार्च या अप्रैल के मध्य तक इस पर हस्ताक्षर हो जाने चाहिए। भारत ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2019 में 10वीं एशियाई आयु वर्ग चैंपियनशिप आयोजित की थी।

दीक्षा ने चार अंडर 67 के कार्ड से की शुरुआत

एजेंसी । वोलोंगोंग

भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने फोर्ड महिला एनएसडब्ल्यू ओपन के पहले दौर में चार अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने गुरुवार को बोगी से शुरुआत की लेकिन अगले 10 होल में उन्होंने सात बर्डी लगाईं। मोरक्को में सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट में उप विजेता रहीं दीक्षा तीसरे से छठे चार होल में से तीन में बोगी कर बैठीं लेकिन सातवें होल में बर्डी लगाने में सफल रहीं। स्पेन की नूरिया इटुरियोज और घरेलू प्रबल दावेदार कर्स्टन रूडगेले 65 के कार्ड से संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हैं। प्रणवी उर्स इवन पार 71 का कार्ड खेलकर संयुक्त 37वें और अवनि प्रशांत एक ओवर 72 के कार्ड से संयुक्त 54वें स्थान पर हैं।

बीसीसीआई ने खोला खजाना

टीम इंडिया को मिला चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का ईनाम

- 58 करोड़ रुपए की प्राइज मनी का ऐलान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता था। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम बिना मैच गंवाए चैंपियन बनी। भारत ने 2013 के बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती। ये टूर्नामेंट जीतने पर भारतीय टीम को आईसीसी की तरफ से 19.5 करोड़ की प्राइज मनी मिली थी। लेकिन अब बीसीसीआई ने विजेता टीम को 58 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने जानकारी दी कि टीम के हर खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए है, बल्कि कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ के लिए भी खास इनाम रखा गया है।

कोचिंग स्टाफ को भी बड़ी रकम

टीम के हेड कोच गौतम गंभीर को भी 3 करोड़ रुपये मिलेंगे। बाकी कोचिंग स्टाफ जैसे असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट, अभिषेक नायर, बैटिंग कोच सितांशु कोटक और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल को 50-50 लाख रुपये दिए जाएंगे। टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ के बाकी सभी सदस्यों को भी 50 लाख रुपये की रकम दी जाएगी। वहीं, BCCI के उन अधिकारियों को, जो टीम की सफलता में शामिल रहे, 25 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

लगातार दूसरी ICC ट्रॉफी जीती

BCCI अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, 'लगातार दूसरी ICC ट्रॉफी जीतना बहुत खास है। यह इनाम टीम इंडिया की मेहनत और समर्पण को सलाम है। यह खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत का नतीजा है।'

भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार सफर

टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने लीग स्टेज में बांग्लादेश को 6 विकेट, पाकिस्तान को 6 विकेट से, न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। यह भारत की 9 महीने में दूसरी ICC ट्रॉफी है।

आईपीएल में लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण में गेंद पर लार के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटा दिया है। इससे यह कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है।

बैठक में फैसला

शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी चरण से पहले मुंबई में गुरुवार को हुई बैठक में ज्यादातर कप्तानों की सहमति के बाद यह फैसला लिया गया। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को फिर से इसे शुरू करने को लेकर संदेह था, कुछ तटस्थ रहे लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया। गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियातन प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इसे स्थायी कर दिया था।

अब समीक्षा संभव

अब जब आईपीएल में प्रतिबंध हटा लिया गया है तो आईसीसी भी इस विषय पर अपने रुख की समीक्षा कर सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल की जरूरत के बारे में बात की थी। दक्षिण अफ्रीका के वर्नोन फिलेंडर और न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने भी इसका समर्थन किया था।

मुंबई में हुई बैठक में कुछ अन्य फैसले भी लिए गए

- कप्तानों की बैठक के एजेंडे में विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम भी था जिसे बीसीसीआई ने पहले ही कम से कम 2027 तक बढ़ा दिया है। रोहित शर्मा और हाल में हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी इस नियम पर अपनी आपत्ति व्यक्त कर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, हालांकि कुछ लोगों ने इस नियम पर आपत्ति जताई है लेकिन इससे 'अनकैप्ड बल्लेबाजों और गेंदबाजों को फायदा हुआ है जिन्हें अन्यथा खेलने का मौका नहीं मिलता।
- बोर्ड ने ऊंची जाने वाली वाइड गेंद और ऑफ स्टंप के बाहर की वाइड गेंद के लिए डीआरएस के इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने कहा, इन पर फैसला करने के लिए 'हॉक आई और 'बॉल ट्रैकिंग का इस्तेमाल किया जाएगा।
- यह भी फैसला किया गया कि ओस के कारण शाम के मैच में दूसरी पारी में 11वें ओवर के बाद एक गेंद बदली जाएगी। अधिकारी ने कहा, यह नियम में बदलाव नहीं है, यह सिर्फ इस साल सभी टीम और अंपायरों के बीच आपसी समझ है। बदली गई गेंद भी इस्तेमाल की गई होगी जिससे यह घिसी हुई होगी।

युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हो गया तलाक

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक पर अंतिम फैसला आ चुका है। आधिकारिक रूप से अब युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा पति-पत्नी नहीं है। इस मुद्दे पर युजवेंद्र चहल के वकील नितिन गुप्ता ने कहा, हमने कोर्ट में जो याचिका दाखिल की थी, उसे कोर्ट ने मान लिया है। औपचारिक तौर पर अब युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा पति-पत्नी नहीं हैं। दरअसल बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए बांद्रा मिजिस्ट्रेट कोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें चहल और धनश्री के तलाक के लिए 6 महीने के अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड को छोड़ने से इनकार किया गया

था। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को आदेश दिया है कि वो आज तलाक की याचिका पर अंतिम फैसला सुनाए। ऐसी मांग इसलिए की गई है ताकि चहल की आईपीएल में भागीदारी प्रभावित न हो। वहीं धनश्री को एलिमनी के तौर पर 4 करोड़ 75 लाख रुपये मिलेंगे।

2022 से अलग रह रहे हैं युजवेंद्र और धनश्री

बता दें कि युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने दिसंबर 2020 में शादी की और जून 2022 से अलग रह रहे हैं। उन्होंने फैमिली कोर्ट में संयुक्त तलाक की याचिका दायर की, साथ ही 6 महीने की कूलिंग ऑफ अवधि को माफ करने की मांग की। हाईकोर्ट ने इस बात को ध्यान में रखा गया कि दंपति दो साल से अधिक समय से अलग रह रहे थे और उन्होंने मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान दायर गुजारा भत्ता के भुगतान पर सहमति शर्तों में निर्धारित शर्तों का पालन किया था। फैमिली कोर्ट के विवाह परामर्शदाता ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमें कहा गया है कि मध्यस्थता समझौते का आंशिक अनुपालन हुआ है।

एलिमनी के तौर पर धनश्री को मिलेगा 4 .75 करोड़

दरअसल चहल ने सहमित शर्तों के अनुसार धनश्री वर्मा को 4 .75 करोड़ रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता देने पर सहमति व्यक्त की थी। इसमें से अबतक 2 .37 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि फैमिली कोर्ट ने बाकी बची हुई राशि के भुगतान न किए जाने का हवाला दिया और कूलिंग ऑफ अवधि को माफ करने से इनकार कर दिया। हालांकि हाईकोर्ट ने इसपर कहा कि दंपति ने सहमति शर्तों का पालन किया और यह स्पष्ट है कि दोनों पक्षों ने अपने बीच संभी लंबित मुद्दों सहित अपने मतभेदों को वास्तव में सुलझा लिया है।

पराग पहले तीन मैचों में रॉयल्स के कप्तान

एजेंसी । नई दिल्ली

उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे। नियमित कप्तान संजू सैमसन को उंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है। इसके मायने हैं कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी-20 मैच के दौरान सैमसंग की उंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें उंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है। 23 वर्ष के पराग आईपीएल के दूसरे सबसे युवा कप्तान बनेंगे। विराट कोहली सबसे युवा कप्तान रहे हैं जब वह 22 वर्ष की उम्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान बने थे।

फैसला : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति में बनी आम सहमति

मुक्केबाजी लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल

144वें सत्र में सभी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया

एजेंसी । कोस्टा नवारिनो

मुक्केबाजी को 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया है। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 144वें सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया।

कोई विरोध नहीं

जब आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिल्स खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में सभी से हाथ उठाने को कहा तो सभी सदस्यों ने विधिवत सहमति व्यक्त की। कोई भी सदस्य मतदान से अनुपस्थित नहीं रहा और किसी ने भी इसके विरोध में मतदान नहीं किया। बाक ने कहा, ओलंपिक कार्यक्रम में मुक्केबाजी को वापस शामिल करने की मंजूरी के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हम एक शानदार मुक्केबाजी टूर्नामेंट की उम्मीद कर सकते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता है जबकि किसी खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल करने पर सर्वसम्मति बने।

निलंबन के कारण बाहर था

आईओसी के फरवरी 2022 में हुए सत्र में मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 की शुरुआती कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि तत्कालीन खेल निकाय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहा था। आईओसी ने प्रशासन, इसके वित्त और मुकाबलों तथा निर्णय की अखंडता पर लंबे समय से चल रहे विवादों के बाद आईबीए को निलंबित कर दिया था। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में आईओसी के विशेष टास्क फोर्स की निगरानी में मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उसके बाद 13 अप्रैल, 2023 को 'वर्ल्ड बॉक्सिंग का गठन किया गया। यही अब आईओसी से अधिकृत शीर्ष संस्था है।

ब्रिटिश सरकार से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड पाने वाले पहले भारतीय बने चिरंजीवी

ब्रिटिश सरकार ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके सिनेमा जगत और समाज में उनके विशेष योगदान के लिए दिया गया है। अभिनेता को मिला यह सम्मान भारतीय सिनेमा के लिए गर्व की बात है। बुधवार को ब्रिटिश सरकार ने अभिनेता को संसद में सम्मानित किया। इसके साथ ही चिरंजीवी ब्रिटिश संसद में यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन गए हैं। उन्हें यह सम्मान ब्राइड इंडिया नाम के एक संगठन ने दिया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है नाम

साउथ सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी को साल 2024 में पद्म विभूषण यानी भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उनका नाम 537 गानों, 156 फिल्मों और 24,000 डांस स्टेप्स के लिए सबसे सफल अभिनेता-डांसर के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। इसके अलावा, उन्हें कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्में

अभिनेता की आगामी फिल्मों की बात करें तो उनकी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह बना हुआ है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज़ डेट सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता बहुत जल्द निर्देशक श्रीकांत ओडेला की फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्माण नानी करने वाले हैं।

हेमा मालिनी ने ईशा देओल को दी थी आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की सलाह

अभिनेता धर्मेंद्र और 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल ने एक बार फिर फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की है। उनकी आगामी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' जल्द ही रिलीज़ होने वाली है। ईशा आर्थिक रूप से सक्षम हैं और अपनी पहचान खुद बना रही हैं। पिछले साल ईशा देओल का उनके पति से तलाक हो गया था। इस मुश्किल समय में उनकी मां हेमा मालिनी ने उन्हें सहारा दिया और एक महत्वपूर्ण सीख दी। हेमा मालिनी ने बताया कि उन्होंने हमेशा अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की शिक्षा दी है।

ईशा देओल ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया कहा, 'मुझे लगता है कि हर मां अपनी बेटियों को अपनी पहचान खुद बनाने की प्रेरणा देती है। मेरी मां ने भी मुझे यही सिखाया और यही करने को कहा। वह हमेशा मुझसे कहती थीं कि कड़ी मेहनत करो, अपनी पहचान बनाओ, और कोई न कोई प्रोफेशन चुनो। भले ही तुम अपना नाम न बना सको, लेकिन किसी न किसी प्रोफेशन में अपनी पहचान बनाना बहुत जरूरी है। इसे कभी मत छोड़ना। हमेशा प्रयास करते रहो और काम करते रहो।'

ईशा ने आगे कहा, 'मेरी मां ने हमेशा मुझसे एक महिला के तौर पर स्वतंत्र रहने की सलाह दी है, चाहे किसी का भी पति हो और उसकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने मुझसे कहा कि, तुम चाहें करोड़पति से शादी कर लो, लेकिन एक महिला का फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना उसे अलग पहचान देता है। मेरी मां का विश्वास था कि रोमांस जिंदगी का एक अहम हिस्सा है और इसे नजरअंदाज करना सही नहीं है। मां ने मुझसे कहा था कि रोमांस वो एहसास है, जो हमें सभी को चाहिए। यह कुछ ऐसा है, जो कभी खत्म नहीं होना चाहिए। मैंने उनकी सलाह को ध्यान में रखा है, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से अमल नहीं किया है।'

कार्तिक आर्यन को मिला 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन को फिल्म 'चंदू चैंपियन' में मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाने के लिए 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से नवाजा गया। इस अवॉर्ड के जरिए कार्तिक ने न केवल अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया, बल्कि महाराष्ट्र के इस अनदेखे हीरो की प्रेरणादायक कहानी को भी बड़े पर्दे पर जीवंत किया। मुरलीकांत पेटकर वह महान खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत के लिए पहला पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीता था।

कार्तिक आर्यन की प्रतिक्रिया

अवॉर्ड मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कार्तिक ने कहा, 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का पल है। भले ही मैं ग्वालियर से हूं, लेकिन मुंबई मेरी कर्मभूमि है - इस शहर ने मुझे सबकुछ दिया। जैसे भगवद गीता में कहा गया है, इंसान को सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह अवॉर्ड इस विश्वास को और मजबूत करता है।'

'चंदू चैंपियन' के लिए कड़ी मेहनत

इस किरदार के लिए कार्तिक ने जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया, कड़ी ट्रेनिंग ली और किरदार की आत्मा को समझने के लिए गहराई से मेहनत की। उनकी यह डेडिकेशन और जज्बा ही उन्हें इंडस्ट्री में सबसे अलग बनाता है। इस अवॉर्ड के साथ कार्तिक आर्यन ने न सिर्फ अपनी काबिलियत साबित की, बल्कि महाराष्ट्र के गौरव को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

दर्शक 21 मार्च को सिर्फ 99 रुपये में देखें सकेंगे फिल्म 'छावा'

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' की काफी चर्चा हो रही है। विक्की कौशल ने फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जिसे काफी सराहना मिल रही है। इस फिल्म ने दुनिया भर में 600 करोड़ से अधिक की कमाई की। आज भी सिनेमाघरों में 'छावा' देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। अब निर्माताओं ने फिल्म 'छावा' के टिकट के दाम सस्ते कर दिए हैं। दर्शक अब 21 मार्च को फिल्म 'छावा' को मात्र 99 रुपये में देख सकेंगे। फिल्म 'छावा' के निर्माता मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'छावा' के लिए एक खास ऑफर का खुलासा किया। फिल्म 'छावा' इस शुक्रवार 21 मार्च को मात्र 99 रुपये में देखने को उपलब्ध होगी। महाराष्ट्र के गांवों में इस फिल्म के शो आयोजित किए जा रहे हैं, जहां स्कूली छात्र इस फिल्म को देखकर छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और उनकी कहानी का अनुभव कर रहे हैं।

तोपखाना को घातक बनाने की तैयारी

आर्टिलरी गन सिस्टम खरीदने को मिली मंजूरी

LoC पार किए बिना ही दुश्मनों को मिलेगी मौत

एजेंसी । नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत ने अपने हथियारों में तेजी से इजाफा करना शुरू कर दिया है। ऐसे इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने लगभग 7000 करोड़ रुपये की लागत वाली एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS) की खरीद को मंजूरी दी है। यह कदम तोप निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। ATAGS, पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और तैयार 155 मिमी आर्टिलरी गन है, जो अपनी अत्याधुनिक तकनीक और दूर तक मार करने की ताकत के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की ऑपरेशन कैपेबिलिटी को बढ़ाएगी। ATAGS एक एडवांस टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम है जिसमें 52-कैलिबर की लंबी बैरल है, जो 48 किमी तक की फायरिंग रेंज की इजाजत देती है। इसके बड़े कैलिबर के साथ, यह सिस्टम दूर तक मार करती है, जिससे अधिक विस्फोटक पेलोड डिलीवर होते हैं और ऑटोमैटिक तैनाती, टारगेट इंगेजमेंट और क्रू के कम थकान की सुविधा मिलती है।

प्राइवेट इंडस्ट्रीज द्वारा स्वदेशीकरण

'मेक इन इंडिया' पहल का एक प्रमाण, ATAGS को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय निजी उद्योग भागीदारों के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके 65% से अधिक सामान घरेलू रूप से तैयार किए गए हैं, जिसमें बैरल, मज़ल ब्रेक, ब्रीच मैकेनिज्म, फायरिंग और रिकॉइल सिस्टम, और गोला-बारूद हैंडलिंग मैकेनिज्म जैसे प्रमुख सिस्टम शामिल हैं। यह विकास न केवल भारत के रक्षा उद्योग को मजबूत करता है, बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता को भी कम करता है।

स्ट्रैटेजिक और ऑपरेशनल एडवांटेज

ATAGS की तैनाती भारतीय सेना की तोपखाने को आधुनिक बनाने में खास भूमिका निभाएगी, जो पुराने 105 मिमी और 130 मिमी तोपों की जगह लेगी। इसका पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात होना सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगा, जिससे ऑपरेशनल तैयारी और मारक क्षमता में वृद्धि होगी।

लॉन्ग-टर्म सस्टेनेबिलिटी और सपोर्ट

पूरी तरह से स्वदेशी प्रणाली होने के कारण, ATAGS को स्पेयर पार्ट्स की मजबूत सप्लाई चेन और बिना किसी परेशानी के मेंटेनेंस का लाभ मिलेगा। स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली लंबे समय तक प्रोडक्स सपोर्ट भी तय करती है, जिससे डिफेंस टेक्नोलॉजी में भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत होती है।

विदेशी निर्भरता में कमी

ATAGS का एक प्रमुख लाभ इसका विदेशी घटकों पर न्यूनतम निर्भरता है। नेविगेशन सिस्टम, म्यूज़ल वेलोसिटी रडार और सेंसर जैसे महत्वपूर्ण सिस्टम्स स्वदेशी रूप से डिज़ाइन की गई हैं, जिससे विदेशी प्रौद्योगिकी और आयात पर भारत की निर्भरता में काफी कमी आती है।

पूर्व विधायक और BJP नेता ने की खुदकुशी

सरकारी आवास में खुद को गोली से उड़ाया

एजेंसी । जम्मू



जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व विधायक फकीर मोहम्मद खान ने खुदकुशी कर ली है। घाटी के अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित गुरेज क्षेत्र के पूर्व विधायक फकीर ने आज गुरुवार को श्रीनगर के उच्च सुरक्षा वाले तुलसीबाग इलाके में अपने सरकारी क्वार्टर में कथित तौर पर खुद को गोली मार कर अपनी जान दे दी। पार्टी से जुड़े आधिकारियों ने भी इस घटना की पुष्टि की है। पार्टी के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 62 साल के फकीर मोहम्मद खान ने अपने सरकारी आवास में खुद को गोली मार ली। उनके निधन की जानकारी मिलते ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शोक व्यक्त किया गया।

खुदकुशी की वजह साफ नहीं

बताया जा रहा है कि खान ने क्वार्टर नंबर 9A में अपने एक पीएसओ की सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी जिसके बाद वह खून से लथपथ हो गए और वहीं पर गिर गए। हालांकि उन्हें तुरंत श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीजेपी के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि पूर्व विधायक की मौत खुदकुशी के कारण हुई है। हालांकि फकीर मोहम्मद ने यह कदम क्यों उठाया, इसका तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने उनकी मौत के आसपास की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है।

पिछले साल चुनाव हार गए थे गुरेज

उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज के निवासी जुमा खान के बेटे फकीर मोहम्मद खान घाटी के एक अनुभवी राजनेता थे। फकीर मोहम्मद खान साल 1996 के चुनाव में गुरेज से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे थे और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुने गए थे। फिर साल 2020 में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे और पिछले साल 2024 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

न्यूज़ ब्रीफ

दक्षिण अफ्रीका के हिंदू नेता त्रिकमजी नहीं रहे

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख हिंदू नेता अश्विन त्रिकमजी का निधन हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने शोक जताया है। जानकारी के अनुसार त्रिकमजी का बीमारी के चलते 80 साल की उम्र में निधन हो गया। वह साउथ अफ्रीकन हिंदू महासभा के अध्यक्ष और 1860 हेरिटेज सेंटर के बोर्ड डायरेक्टर थे। उनके निधन पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने शोक जताया और रंगभेद आंदोलन के दौरान उनके योगदान को याद किया। उन्होंने साउथ अफ्रीका उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में भी सेवाएं दीं। पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के अंतिम संस्कार के दौरान त्रिकमजी ने संस्कृत में मंत्रोच्चार कर विश्वभर में एक अलग पहचान हासिल की थी।

चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

बद्रीनाथ। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन गुरुवार को शुरू हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के हिमालयी मंदिरों और हेमकुंड साहिब के सिख तीर्थस्थल पर जाने के इच्छुक भक्त अब उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। चारधाम यात्रा 30 अप्रैल को उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ शुरू होगी। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ 2 मई को भक्तों के लिए खोला जाएगा, जबकि बद्रीनाथ 4 मई और चमोली जिले में हेमकुंड साहिब 25 मई को भक्तों के लिए खोला जाएगा।

बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायकों ने काले झंडे लहराए

कोलकाता। भाजपा विधायकों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में काले झंडे लहराए और स्पीकर बिमान बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। कुछ भाजपा विधायक सदन के वेल में आ गए और विरोध करते हुए विधानसभा के दस्तावेज फाड़ दिए। विरोध कर रहे विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर स्पीकर का पुतला भी फूंका। उन्होंने आरोप लगाए कि बनर्जी भाजपा विधायकों को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। कहा कि उनका विरोध विपक्षी विधायकों को कथित तौर पर काले झंडे दिखाए जाने के खिलाफ भी है।

'एक्स' ने दर्ज कराया भारत सरकार पर केस

IT एक्ट के जरिये कंटेंट ब्लॉक करने का लगाया आरोप

एजेंसी । चेन्नई

एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी X (पूर्व में ट्विटर) ने गुरुवार (20 मार्च) को केंद्र सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। कंपनी ने आरोप लगाया है कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम का उपयोग करके माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर कंटेंट को ब्लॉक किया है। X ने इस याचिका में कहा है कि आईटी एक्ट की धारा 79 (3) (बी) का उपयोग एक गैरकानूनी पैरेलल कंटेंट-ब्लॉकिंग सिस्टम बनाता है, जो आईटी अधिनियम की धारा 69A में बताए गए।

धारा 69A और 79(3)(b) में क्या अंतर है?

- आईटी अधिनियम की धारा 69A सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या संप्रभुता से जुड़े मामलों में कंटेंट हटाने का आदेश देने की अनुमति देती है। यह कंपनियों को कानूनी आधार प्रदान करती है। वहीं, धारा 79(3)(B) को लेकर कंपनियों का कहना है कि यह अस्पष्ट है और उन्हें यह तय करने के लिए मजबूर करती है कि कौन सा कंटेंट अवैध है। कंपनियां अक्सर धारा 69A का बचाव के रूप में उपयोग करती हैं, क्योंकि इसमें सरकार स्पष्ट रूप से कंटेंट हटाने का आदेश देती है। इससे कानूनी जोखिम और पक्षपात के आरोपों से बचा जा सकता है।

एक्स ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला

X ने याचिका में कहा है कि सरकार का यह तरीका सुप्रीम कोर्ट के 2015 के श्रेया सिंघल मामले के फैसले के विपरीत है। इस फैसले में कहा गया था कि कंटेंट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69A के तहत ही ब्लॉक किया जा सकता है।

दिल्ली के सभी मंत्रियों के लिए सचिव नियुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के सभी 6 मंत्रियों के लिए गुरुवार को सचिव की नियुक्ति कर दी गई। इसके लिए 6 दानिक्स अधिकारियों का तबादला कर उन्हें मंत्री का सचिव बनाया गया है। उप-राज्यपाल की तरफ से इन तबादलों को मंजूरी दी गई है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा का सचिव दानिक्स अधिकारी राजीव शुक्ला को बनाया गया है। फिलहाल वह विशेष सचिव लैंड एंड बिल्डिंग के पद पर कार्यरत थे। डीजीए के निदेशक पद पर तैनात अनूप ठाकुर को दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद का सचिव बनाया गया है। एनडीएमसी में निदेशक के पद पर कार्यरत मोहित मिश्रा को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का सचिव नियुक्त किया गया है। व्यापार एवं कर विभाग में तैनात संयुक्त आयुक्त वडोदारिया करणजीत को मंत्री रविन्द्र सिंह (इंदराज) के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर पूर्वी जिला एडीएम वैभव रिखाड़ी का तबादला स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह के सचिव के रूप में किया गया है। पश्चिम जिला एडीएम विनय कुमार जिंदल को मंत्री कपिल मिश्रा का सचिव नियुक्त किया गया है।

प्रकाश राज और राणा दग्गुबाती सहित 25 हस्तियों के खिलाफ केस दर्ज

अवैध बैटिंग ऐप्स को प्रमोट करने का लगा आरोप

एजेंसी । हैदराबाद

अवैध सट्टेबाजी ऐप्स को कथित तौर पर बढ़ावा देने के लिए तेलंगाना पुलिस ने 25 सिलेब्रिटीज और इनफ्लुएंसर्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें राणा दग्गुबाती, विजय देवरकोंडा, प्रकाश राज, मंचू लक्ष्मी और निधि अग्रवाल जैसे एक्टर्स का भी नाम शामिल है। इन पर कथित तौर पर सट्टाबाजी ऐप के प्रचार का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साइबराबाद में मियापुर पुलिस ने 32 वर्षीय बिजनेसमैन फणींद्र सरमा की शिकायत के बाद केस दर्ज किया। उन्होंने इन हस्तियों पर सट्टा ऐप्स को बढ़ावा देने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया था। जिन 25 हस्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

11 फिल्मी हस्तियों और इनफ्लुएंसर्स के खिलाफ इन धाराओं में दर्ज किए थे केस

मालूम हो कि तेलंगाना पुलिस सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार में शामिल मशहूर हस्तियों को सक्रिय रूप से निशाना बना रही है। कुछ दिन पहले ही पंजागुट्टा पुलिस ने कथित तौर पर सट्टेबाजी एप को बढ़ावा देने के आरोप में किरण गौड़, विष्णु प्रिया, श्यामला, इमरान खान, रितु चौधरी, हर्ष साई, टेस्टी तेजा और बंडारू शेषयानी सुप्रिता सहित 11 फिल्मी हस्तियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ केस दर्ज किए थे। इनके खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस, 3, 3(ए), 4 टीएसजीए और 66 डी आईटीए एक्ट-2008 के तहत केस दर्ज किया गया था। बढ़ती जांच के बीच, सुरेखा वाणी, सुप्रिता, रितु चौधरी और गेटअप श्रीनू सहित कई तेलुगु टीवी हस्तियों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है, और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने में अपनी पिछली भागीदारी को स्वीकार किया है।

महंगाई से नहीं राहत

एजेंसी । नई दिल्ली

- खाद्य तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी
- सरसों, मूंगफली और सूरजमुखी तेल की कीमतों में औसत खाद्य मूल्य सूचकांक की तुलना में अधिक बढ़ोतरी

बीते कुछ महीनों में सब्जियों और कुछ आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण महंगाई दर में थोड़ी राहत जरूर मिली थी, लेकिन खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों की कीमतों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मार्च रिपोर्ट के अनुसार, सरसों, मूंगफली और सूरजमुखी तेल की कीमतें औसत खाद्य मूल्य सूचकांक से कहीं अधिक गति से बढ़ रही हैं। इसके अलावा, डेयरी उत्पादों की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आने वाले महीनों में महंगाई दर के फिर से बढ़ने का खतरा है।

खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों के दामों में तेज उछाल

आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक वर्ष में खाद्य मूल्य सूचकांक में 7.1 अंकों की वृद्धि हुई है, जबकि खाद्य तेल से जुड़ा मूल्य सूचकांक 112 से बढ़कर 156 तक पहुंच गया है। इसी तरह, डेयरी उत्पादों का मूल्य सूचकांक 122 से बढ़कर 148 हो गया है।

तीन अहम सब्जियों के दामों में भी नरमी नहीं

थाली में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली सब्जियों की कीमतों में फसली सीजन में भी बड़ी कमी नहीं आई है। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें मार्च 2023 की तुलना में करीब दो गुना अधिक रही हैं। जबकि मार्च 2024 की तुलना में देखा जाए तब भी कीमतों में तेजी देखने को मिली है।

सब्जियों की कीमतें

(मार्च 2023 व मार्च 2024 के अंदर)

सब्जी मार्च 2023 मार्च 2025

टमाटर	10 19.2
आलू	18 22.0
प्याज	21 35.7

नोट- संख्या रुपये प्रति किलोग्राम में है।

एसिड अटैक पीड़िताओं को अधिक मुआवजा देने की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक पीड़िताओं को अधिक मुआवजा देने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार और 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वर्तमान में, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को केवल 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिलती है। याचिका में इस राशि को बढ़ाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक अन्य मामले में खनिज संसाधनों पर राज्यों के अधिकार को लेकर भी सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि वह खनिज संपन्न राज्यों से रॉयल्टी और कर बकाया की वसूली के मुद्दे पर चर्चा कर रही है। जस्टिस अभय एस. ओक, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 14 अप्रैल तक के लिए टाल दी है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सरकार इस मुद्दे पर समझौते की दिशा में प्रयास कर रही है।

पंजाब किसान आंदोलन

हरियाणा पुलिस का चला बुलडोजर

एजेंसी । चंडीगढ़

- 13 महीने बाद सीमेंट की बैरिकेडिंग तोड़ी
- शंभू-खनौरी बॉर्डर कराया खाली
- किसानों ने फिर धरने का ऐलान किया, प्रदर्शन के दौरान झड़प भी

शंभू और खनौरी सीमा से प्रदर्शनकारी किसानों को हटाने के बाद हरियाणा पुलिस ने गुरुवार को अपनी सीमा में लगाए गए बैरिकेड (अवरोधक) हटा दिए। इस बीच, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई के विरोध में विभिन्न जिलों के उपायुक्त कार्यालयों के बाहर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया। धरने की घोषणा के बाद, किसानों के एक समूह ने मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा में विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, मोगा जिले में उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने जा रहे किसानों की पुलिस से हाथापाई भी हुई। इस समूह में महिलाएं भी शामिल थीं।

> "पंजाब पुलिस की कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या थी। किसान दिल्ली जाना चाहते थे लेकिन हरियाणा सरकार ने केंद्र के इशारे पर उन्हें रोका। भगवंत मान और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। किसान पंजाब और अन्य राज्यों में उपायुक्तों के कार्यालयों के बाहर इसके खिलाफ धरना देंगे।
> – सतनाम सिंह पन्नू, किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता

प्रदर्शन स्थल से किसानों को हटाया, टेंट और मंच तोड़े गए

पंजाब पुलिस की कार्रवाई के तहत खनौरी और शंभू सीमा पर 13 महीने से प्रदर्शन कर रहे किसानों को वहां से हटा दिया गया। पुलिस ने टेंट और मंच तोड़ दिए और विरोध करने पर सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई के खिलाफ अब किसानों का विरोध और तेज हो सकता है।

किसान नेताओं को हिरासत में लेने के बाद बढ़ा आक्रोश

बुधवार को पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल को मोहाली में हिरासत में ले लिया। वे चंडीगढ़ में केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद लौट रहे थे। इस बैठक का मुख्य मुद्दा फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की कानूनी गारंटी था, लेकिन सातवें दौर की वार्ता में भी कोई सहमति नहीं बन पाई।